आषाढ़ कृष्ण पक्ष -8, 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 09 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल

29 जून 2024 शनिवार

आज का मौसम

34 अधिकतम

26 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page- 7

## रीवा के पांच व्यापारियों की सड़क हादसे में हुई मौत



**रीवा, एजेंसी।**

रीवा के गुढ़ से पांच व्यापारी सड़क दुर्घटना की चपेट में आकर जान गंवा बैठे हैं। बताया जाता है कि हैदराबाद के मेडक जिले के वाडियारम में नेशनल हाईवे -44 पर दो ट्रकों के आपस में टकराने से यह मौतें हुई। हादसे के समय के ट्रक के केबिन में बैठे दो लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन ट्रक के पिछले हिस्से में थे। उन्होंने भी दम तोड़ दिया। केबिन में फंसे शवों को क्रेन की मदद से बाहर निकाला गया। बताया जाता है कि ओवरटेक करने की चक्कर में हुए इस हादसे में चार घायल हुए हैं। कई बकरियां भी मर गई हैं। ट्रक में बकरियां लोड करके खरीद-बिक्री करने के लिए गए थे। गुढ़ से व्यापार के लिये जीशान खान और मो. इबरान खान व मनीष चिकवा व राजू चिकवा दो अन्य लोग रवाना हुए थे।

## अभ्यास के दौरान सेना के पांच जवानों को लील गई नदी



**लद्दाख, एजेंसी।**

नदी का जलस्तर बढने से लद्दाख के दौलतबेग ओल्डी इलाके में टैंकों के साथ अभ्यास कर रहे सेना के 5 जवानों की मौत हो गई। रक्षा अधिकारियों ने बताया कि लद्दाख में टैंक को नदी पार कराया जा रहा था। यह रूटीन एक्सरसाइज थी। इस बीच अचानक नदी में सैलाब आ गया और सेना के 5 जवानों की मौत हो गई। इस हादसे में कुछ जवानों के घायल होने की भी सूचना है। सेना के अधिकारियों के मुताबिक सेना के जवान टैंकों के साथ अभ्यास कर रहे थे। जलस्तर बढ़ने से टैंक पानी के भीतर ही फंस गया। यह घटना वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास हुई है। गौरतलब है कि लद्दाख में पिछले साल भी एक दर्दनाक हादसा हुआ था। जबसेना की एक गा?ी 60 फीट खाई में गिर गई थी। इस हादसेमें 9 जवानों की मौत हो गई थी।

## तमिलनाडु में पटाखा विस्फोट में आठ मौत



**विरुधुनगर, एजेंसी।**

आज सुबह तमिलनाडु के विरुधुनगर में एक पटाखा विस्फोट में 5 महिलाओं सहित 8 मजदूरों की मौत हो गई। धमाका इतना तेज था कि इसकी आवाज एक किलोमीटर दूर सुनाई दी। वहीं मजदूरों को भागने का मौका नहीं मिला। यह फैक्ट्री शिवकाशी के सेंगमालापट्टी में स्थित है। जिस समय फैक्ट्री में हादसा हुआ, उस समय 10 लोग काम कर रहे थे। इसमें से एक ही हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे की सूचना के बाद फायर ब्रिगेड और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भिजवाया। फिलहाल आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है।इस घटना पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शोक व्यक्त किया है।

## नीटः स्टालिन ने मोदी और आठ सीएम को लिखा पत्र

**चेन्नई , एजेंसी।**

नीट-यूजी परीक्षा में हुई धांधली को लेकर लगातार विरोध-प्रदर्शन के बीच अब तमिलनाडु के मुख्यमंत्री



एमके स्टालिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आठ राज्यों के मुख्यमंत्रियों को एक पत्र लिखकर मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) की छूट देने और राष्ट्रीय स्तर पर इस परीक्षा को समाप्त करने की मांग की है। स्टालिन ने कहा कि व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए चयन प्रक्रिया केवल 12वीं कक्षा के अंकों के आधार पर होनी चाहिए। इसके लिए अलग से प्रवेश परीक्षा से छात्रों पर अधिक तनाव पड़ता है।

## गुजरात में सात जगहों पर सीबीआई की छापेमारी

**नई दिल्ली ।** नीट पेपर लीक मामले पर सीबीआई ने आज बड़ी कार्रवाई करते हुए गुजरात में सात जगहों पर छापेमारी की। सीबीआई ने गुजरात के चार जिलों आणंद, खेड़ा, अहमदाबाद और गोधरा में सात ठिकानों पर शनिवार सुबह छापा मारा। इससे पहले सीबीआई ने शुक्रवार को झारखंड में एक स्कूल पर छापा मारकर स्कूल के प्रधानाचार्य और उप-प्रधानाचार्य को भी गिरफ्तार किया था। सीबीआई के अधिकारियों ने बताया कि हजारीबाग स्थित ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल एहसानुल हक को 5 मई को राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित मेडिकल प्रवेश परीक्षा के लिए हजारीबाग का सिटी-कोऑर्डिनेटर बनाया गया था।

### मप्र में हार के कारण पूछने कांग्रेस हाईकमान की टीम पहुंची, छिंदवाड़ा पहुंच रहे सीएम

# भाजपा ने शुरू किया मिशन, कांग्रेस उम्मीदवार बोले- इसलिए हारे हम !

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र में हालिया लोकसभा चुनाव में करारी हार के बाद इसके कारणों की पहली पड़ताल आज यहां शुरू की गई है। हाईकमान द्वारा गठित फैक्ट फाइंडिंग कमेटी ने यहां पहुंचकर उम्मीदवारों से 'पूछताछ' शुरू की है। कांग्रेस पहली बार मप्र में लोकसभा की सभी 29 सीटें हार गई है। इससे दिल्ली तक खलबली है और मप्र में भी नेतृत्व परिवर्तन की मांग अंदरखाने चल रही हैं। केंद्रीय कमेटी में महाराष्ट्र के पूर्व सीएम पृथ्वीराज चह्वाण, ओडिशा से सांसद व आदिवासी नेता सप्तगिरि शंकर उल्का और गुजरात विधायक जिग्नेश मेवाणी शामिल हैं। जानकार सूत्र का कहना है कि कमेटी ने उम्मीदवारों से कहा कि वे खुलकर अपनी हार के कारणों को बताएं। शुरुआत भिंड, मुरैना व ग्वालियर उम्मीदवारों से वन-टू-वन चर्चा से हुई। माना जाता है कि इस पर कुछ उम्मीदवारों ने स्थानीय नेताओं के असहयोग और पार्टी स्तर पर तालमेल नहीं बनने की बाद दबे शब्दों में कही है। कुछ स्थान पर भाजपा के मुकाबले साधन संसाधन की कमी का मामला भी सामने आया है। यह कमेटी दो दिन तक अलग-अलग स्तर पर पार्टी नेताओं, प्रत्याशियों और पीसीसी पदाधिकारियों से चर्चा करके लोकसभा चुनाव में हार का फीडबैक लेगी तथा हाईकमान को अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। इसलिए सभी 27 उम्मीदवारों को बुलाया गया है।




### भाजपा का अमरवाड़ा कूच

**इधर भाजपा ने अमरवाडा उपचुनाव के लिये अपना मिशन शुरू कर दिया है। आज मुख्यमंत्री मोहन यादव बालाघाट के बाद अपरांह छिंदवाडा के हरई पहुंच रहे हैं। बताया जाता है कि वे कुछ विशिष्ट लोगों से मुलाकात करेंगे और सभा को भी संबोधित करेंगे। जबकि कांग्रेस के प्रचार की कमान थामने कमलनाथ दो जुलाई से यहां चार दिन डेरा डालेंगे। यहां भाजपा के टिकट पर कमलेश शाह और कांग्रेस के धीरेन शाह के बीच मुकाबला है।**

### झा की तबीयत बिगड़ी



**भोपाल।** मप्र भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और वरिष्ठ नेता प्रभात झा की तबियत बिगड़ गई है। उन्हें भोपाल के बंसल अस्पताल में भर्ती किया गया है। बताया जाता है कि झा को एयरलिफ्ट कर भोपाल से दिल्ली ले जाने की भी तैयारी है। आज तबीयत बिगड़ने की जानकारी मिलते ही सीएम मोहन यादव अस्पताल पहुंचे। केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी प्रभात झा को देखने के लिए पहुंचे। झा दो बार राज्यसभा सांसद रहे हैं। सीएम यादव ने सोशल मीडिया पर लिखा- वरिष्ठ नेता,प्रभात के अस्वस्थ होने का समाचार मिलने पर हॉस्पिटल में उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली है।

**बालाघाट में अलंकरण :** सीएम यादव ने आज दोपहर बालाघाट में 28 जवानों को आउट ऑफ टर्न प्रमोशन कार्यक्रम में हिस्सा लिया और जवानों को अलंकरण प्रदान किया।

## ईपीएफ सदस्यों को बड़ी राहत, सरकार ने बदला पेंशन से जुड़ा नियम

### अब 6 महीने से कम योगदान पर भी विड्राल

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

केंद्र सरकार ने कर्मचारी पेंशन योजना (EPS) में बदलाव करके कर्मजारियो को खुश कर दिया है। अब 6 महीने से कम कंट्रीब्यूट करने वाले सदस्य भी पैसे निकाल सकेंगे। दरअसल हर साल लाखों ईपीएस सदस्य पेंशन के लिए आवश्यक 10 साल वाले अंशदायी सेवा से पहले ही योजना छोड़ देते हैं. इसमें 6 महीने के अंदर ही इस योजना को छोड़ने वालों की संख्या ज्यादा है। ईपीएस के तहत जो लोग 10 साल से पहले योजना को छोड़ देते थे, उन्हें विड्रॉल की सुविधा मिलती थी, लेकिन 6 महीने से



पहले इस योजना को छोड़ने वाले लोगों को अपने कंट्रीब्यूशन पर विड्रॉल की सुविधा नहीं दी जाती थी। अब इस नियम को बदला गया है। नए संशोधन से हर साल 7 लाख से अधिक ऐसे ईपीएस सदस्यों को लाभ मिलेगा जो 6 महीने से कम की अंशदायी सेवा के बाद योजना छोड़ देते हैं।

अब से विड्रॉल बेनिफिट इस बात पर निर्भर करेगा कि सदस्य ने कितने महीने तक सर्विस किया है और वेतन पर कितना ईपीएस का योगदान किया जाता रहा है। इस बदलाव से 23 लाख से ज्यादा ईपीएस सदस्यों लाभ होगा। अब तक विड्रॉल बेनिफिट का कैलकुलेशन पूर्ण वर्षों में अंशदायी सेवा की अवधि और उस वेतन के आधार पर की जाती थी, जिस पर ईपीएस अंशदान का भुगतान किया गया है. अंशदायी सेवा के 6 महीने या उससे अधिक समय पूरा करने के बाद ही सदस्य ऐसे निकासी लाभ के हकदार होते थे। पुराने नियम के कारण लगभग सात लाख दावे खारिज किये गये थे।

## आतिशी के खिलाफ मानहानि का मामला, 23 को सुनवाई

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी को प्रदेश भाजपा के मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर की ओर से दायर मानहानि मामले में सुनवाई हुई। राउज एवेन्यू कोर्ट ने मामले को 23 जुलाई को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है। कोर्ट ने पाया कि पता गलत पाए जाने के कारण समन तामील नहीं हो पाया। हालांकि, आतिशी अपने वकील के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश हुईं।



शिकायत की एक प्रति अदालत में मौजूद उनके वकील को दे दी गई है। भाजपा नेता प्रवीण शंकर कपूर के वकील शौमेंदु मुखर्जी ने कहा कि आरोपी व्यक्ति (आतिशी) अपने अधिवक्ताओं के साथ वीसी के माध्यम से पेश हुए और दावा किया कि समन वितरित नहीं किया गया था। जो मेरे लिए बहुत ही बेतुका तर्क है। अब उन्हें अगली तारीख पर जमानत लेनी होगी और मुकदमों का सामना करना होगा।

## अमरनाथ यात्राः आस्था व रोमांच का सफर शुरू



भोपाल से भी अमरनाथ यात्रियों का जत्था रवाना हुआ।

**जम्मू , एजेंसी।**

आखिर आज वो घड़ी आ ही गई, जिसका बाबा बर्फानी के भक्तों का बड़ी बेसब्री के साथ इंतजार रहता है। शनिवार को बड़े जोश और उत्साह के साथ पहलगाम और बालटाल आधार शिविर से बाबा अमरनाथ की पवित्र गुफा की ओर यात्रा की शुरुआत हुई। भोर से पहले ही भक्त ने यात्रा की तैयारी शुरू कर दी थी। एकसाथ बम-बम भोले, जय बाबा बर्फानी, भूखे को अन्न, प्यासे को पानी... आदि नारे लगाते हुए पहले जत्थे में शामिल तीर्थयात्रियों ने अपनी यात्रा की शुरुआत की। उधर, जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर से शनिवार को दूसरा जत्था पहलगाम और बालटाल के लिए रवाना हुआ। कड़ी सुरक्षा के बीच जम्मू से घाटी की ओर तीर्थयात्री जयकारे लगाते हुए वाहनों में सवार होकर आगे बढ़े। देशभर से भी जम्मू में भोले के भक्त लगातार पहुंच रहे हैं। जम्मू के सरस्वती धाम सहित अन्य जगहों पर तत्काल पंजीकरण कराने के लिए लंबी-लंबी कतारें देखी जा रही हैं। ऑनलाइन पंजीकरण करा चुके भक्त रेलवे स्टेशन और यात्री निवास पर अपने आरएफआईडी कार्ड प्राप्त करने के लिए पहुंच रहे हैं। ऐसे में जम्मू से कश्मीर तक बाबा बर्फानी के रंग पूरा प्रदेश रंगा हुआ है। भक्तों के आने से प्रदेश का माहौल शिवमय हो गया है। हर ओर भगवान भोले के जयघोष सुनने को मिल रहे हैं। इसके साथ ही स्थानीय कारोबारियों के भी चेहरे खिल गए हैं। इस बार अब तक साढ़े तीन लाख से अधिक भक्त पंजीकरण करा चुके हैं। इसके साथ ही तत्काल पंजीकरण भी हर हो रहे हैं। पिछले साल साढ़े चार लाख श्रद्धालुओं ने बाबा बर्फानी के दरबार में हाजिरी लगाई थी। इस बार यह रिकॉर्ड आसानी से टूट सकता है। यात्रियों का कहना है कि हमें आतंकवाद का डर नहीं है। बाबा बर्फानी के पास पहुंचकर उनका आशीर्वाद पाएंगे।

**मेट्रो एंकर**

### टी-20 वर्ल्ड कप में आज टीम इंडिया का द.आफ्रीका से महामुकाबला

# कसौटी पर टीम इंडिया की एकादश व बैंटिंग आर्डर

**आलोक गोस्वामी**

रोहित शर्मा की अगुवाई में टीम इंडिया ने टी 20 वर्ल्ड कप के फाइनल में जगह तो बना ली है पर आज शाम बारबाडोस के किंग्स्टन ओवल पर भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खिताबी मुकाबला बहुत कडा हो सकता है। दोनों ही टीमें टूर्नामेंट में अब तक अजेय हैं। भले ही इंग्लैंड को दूसरे सेमीफाइनल मैच में 68 रनों से हराने के बाद टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा के हौसले बुलंद हैं लेकिन आंकड़ों के हिसाब से देखें तो इस मैदान पर साउथ अफ्रीका का पलड़ा भारी है, क्योंकि उसने तीन में से दो मैच जीते हैं जबकि टीम इंडिया को तीन में से एक ही जीत मिली है। हालांकि दोनों के बीच टी 20 मुकाबलों के गणित में भारत का पलड़ा भारी है। मैदान के भीतर बाजी मारने के लिए टीम की भावी योजना,खिलाडियों ओर कप्तान का आत्मविश्वास व अति उत्साह से बचते हुए नसों को काबू रखना ही मैच में जीत के लिए मूलमन्त्र साबित होगा। फाइनल के मुकाम तक पहुंची इन दोनों टीमों के इस टूर्नामेंट के सफर पर गौर करें तो फिर एक ओर जहां टीम इंडिया ने अपने सभी मुकाबले आसानी से जीते हैं, वहीं साउथ अफ्रीका के लिए ज्यादातर मुकाबले बेहद नजदीकी रहे हैं। दोनों ही टीमों ने पूरे टूर्नामेंट में अपनी एकादश में नाममात्र का फेरबदल किया है। आज के इस अहम मुकाबले में टीम इंडिया की एकादश व उसके बल्लेबाजी क्रम में विराट कोहली की उपयोगिता सबसे बड़ा सवाल है। कोहली के बतौर ओपनर लगातार फेल होने के बाद इस निर्णायक भिड़ंत में रोहित और टीम मैनेजमेंट क्या कोई नया पैंतरा आजमाते हैं, यही आज की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी रहने वाली है। वैसे रोहित ओर राहुल द्रविड़ की जोड़ी बहुत ज्यादा प्रयोग या फिर फेरबदल पर दांव कम ही खेलती है।



यह वाकई समझ से परे है कि जब टीम में 4 बांये हाथ के बल्लेबाज मौजूद हैं, वहीं बेंच पर युवा जयसवाल भी हैं,तो फिर बतौर ओपनिंग जोड़ी लेफ्ट-राइट कॉम्बिनेशन आजमाने से परहेज क्यों कर रहे हैं। छोटे फॉर्मेट की एकादश में जडेजा ओर अक्षर पटेल को एकसाथ आजमाना हमेशा ही सवालिया रहा है,कि दोनों ही एक तरह के खिलाड़ी हैं। जब टीम लगातार मुकाबले जीत रही हो तो इस तरह सवालों के मायने नजरअंदाज हो जाते हैं, लेकिन अगर टीम को शिकस्त झेलना पड़ती है,तो फिर क्रिकेट के सभी जानकार व पंडितों का ठीकरा एकादश व बल्लेबाजी क्रम पर फूटना तय है। टीम इंडिया की एकादश व बल्लेबाजी क्रम को लेकर टीम मैनजमेंट की रणनीति आज की इस फाइनल भिड़ंत में निर्णायक हो सकती है,क्योंकि साउथ अफ्रीका की रणनीति में शायद ही बदलाव देखने मिले। अंतिम एकादशसे इतर अगर हम इस मुकाबले में टॉस की भूमिका पर गौर करें तो फिर बड़े मैचों में स्कोर बोर्ड प्रेशर भी कई मौकों पर अहम साबित होता है। ऐसे में बारिश की आशंका के चलते टॉस जीतने वाले कप्तान को कोई भी फैसला लेना आसान नहीं होगा। अगर मगर के तमाम सवालों के बीच आज टीम इंडिया और साउथ अफ्रीका टीम की मैदानी फाइनल जंग में क्रिकेट का रोमांच चरम पर होगा।

## कोलार सिक्स लेन
### योजना और हकीकत



यह है कोलार का नवनिर्मित सिक्स लेन रोड ! हालांकि कुछ हिस्सों में इसका निर्माण अभी जारी है। मगर अवैध पार्किंग ने इससे टू थ्री लेन बनाकर रख दिया है। जबकि इस सड़क के लिए कोलार रोड के आसपास रहने वाले नागरिकों ने बहुत सारा धैर्य और समझौता किया है।

### ट्रांसप्लांट हब बनने की कोशिश में भोपाल एम्स

# मध्यप्रदेश में पहली बार एम्स लिवर ट्रांसप्लांट भी करने की तैयारी में

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) को अब एक मुकम्मल ट्रांसप्लांट हब बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। इसके चलते लगातार अंग प्रत्यारोपण करने की नई नई सुविधा शुरू करने की दिशा में काम किया जा रहा है। अब लिवर ट्रांसप्लांट की सुविधा देने वाला मप्र का पहला सरकारी अस्पताल बन जाएगा। यहां किडनी ट्रांसप्लांट सुविधा तो है ही। जानकार बताते हैं यदि सब कुछ योजनानुसार चला तो दो से तीन माह के अंदर यहां पहला लिवर ट्रांसप्लांट किया जा सकता है। दरअसल एम्स भोपाल में लिवर की बीमारी की समस्या को लेकर रोगियों की संख्या बढ़ती जा रही है। यहां के मेडिकल डिपार्टमेंट की कुल ओपीडी में 10 प्रतिशत रोगी ऐसे आ रहे हैं, जो कहीं ना कहीं लिवर की समस्या से ग्रसित होते हैं। इसीलिये अस्पताल प्रबंधन ने किडनी ट्रांसप्लांट में सफलता के बाद लिवर ट्रांसप्लांट का फैसला लिया है। यहां गत दिनों एक पिता ने अपने बेटे को किडनी भी दी है।

गौरतलब है कि एम्स तेजी से राजधानी में बड़ी संख्या में लोगों के उपचार का केंद्र बनता जा रहा है। यहां आमतौर पर सामान्य बीमारियों के मरीज ज्यादा आते हैं लेकिन लंबे समय से लिवर की समस्या को लेकर भी एम्स में ज्यादा मरीज पहुंच रहे हैं। इसके अलावा एम्स में कैंसर के मरीजों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है। एम्स में हार्ट और लंग्स ट्रांसप्लांट भी जल्द शुरु करने की तैयारी है।




### सरकार के साथ भी एम्स का कदमताल

उल्लेखनीय है कि स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार को लेकर कई प्रयास किए जा रहे हैं। इनमें एम्स भोपाल और मध्य प्रदेश सरकार भी साथ मिलकर एक नई पहल शुरु कर रहे हैं। एम्स डायरेक्टर डा अजय सिंह का कहना है कि प्रदेश में 'वन स्टेट, वन हेल्थ पॉलिसी' लागू करने की तैयारी की जा रही है। इसके लिये बकायदा एक व्हाइट पेपर जारी किया जाएगा, जिसमें 25 बीमारियों के इलाज के लिए एक मानक प्रक्रिया तैयार की गई है। 118 डॉक्टरों की टीम ने 25 इन बीमारियों की पहचान की है इस पॉलिसी के लागू होने से प्रदेश के सभी नागरिकों को समान और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी। यह पॉलिसी एम्स और राज्य सरकार के स्वास्थ्य तंत्र के बीच समन्वय स्थापित करेगी।

# भोपाल में भी दिल्ली जैसा जलभराव तय, क्योंकि नालों पर अतिक्रमण, सफाई में अनदेखी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

दिल्ली जल भरास से जूझ रही है, सांसदों को सुरक्षाकर्मी गोद में बैठाकर उनके वाहनों तक लाना–ले जाना कर रही है। यदि तेज और लगातार बारिश हुई तो भोपालवासियों को भी ये दिन देखने पड़ सकते हैं। नालों पर कब्जे और उनकी सफाई नहीं होना, इसकी वजह होगी। अभी भी भोपाल नगर निगम टीम के पास समय है, जिसमें वह संभल सकती है लेकिन ऐसे कार्रवाई नजर नहीं आ रही है। नतीजा, लाखों रहवासियों को बारिश के बाद बनने वाली संभावित जल भराव की स्थिति से जूझना पड़ सकता है।

लोगों को इस खराब स्थिति बनने की आशंका इसलिए भी है क्योंकि पिछले वर्षों में ऐसा हुआ है। कई हिस्सों में पानी भर गया था, विश्वास सारंग समेत अन्य लोगों को नाव में सवार होकर जायजा लेने के लिए निकलना पड़ा था तब निगम और सरकार की काफी किरकिरी हुई थी।

लोगों का कहना है कि उक्त् खराब स्थिति को देखने के बाद भी निगम ने नालों को अतिक्रमण से मुक्त नहीं किया, माफिया नालों पर जमे हैं, उन पर पक्का निर्माण कर लिया है। नालों के किनारों को सीमेंट कांक्रीट कर संकरा कर दिया है। यह स्थिति पुराने भोपाल में तो पहले से थी ही, अब नए विकसित होने वाले भोपाल में भी यही हाल है। निगम से लेकर राजस्व विभाग के अधिकारियों का इस ओर ध्यान नहीं है। सार्वजनिक महत्व के जमीनों को हड़पा जा रहा है। नदी–नालों की स्थिति खराब कर दी। रहवासियों ने निगम और महापौर मालती राय से समय रहते संभलने की मांग की है, ताकि शहर के हिस्सों को संभावित जल भराव से बचाया जा सके।





शिव नगर व कल्याण नगर में मकान के सामने गंदा पानी कचरा।

### संतनगर में फल एवं फूलों के लगाए जाएगें पेड़-पौधे

**हिरदाराम नगर।** बजरंग सेना समिति के अध्यक्ष कमलेश देवानी ने एक बयान में बताया है कि 30 जून को बूड़ाखेडा रोड स्थित आंगनवाडी केन्द्रों में खाली जगह पड़ी हुई है, वहां फल एवं फूलों के पेड़- पौधे लगाए जाएंगे, जिससे संतनगर का वातावरण हरा भरा हो आंवला, वट वृक्ष, छुई मुई, बरगद, सीताफल, पपीता, बेलपत्र, कटहल, अमरुद, अनार, मीठा नीम, गेंदा, पीपल, गुलाब, बादाम, पपीता, शमी के पौधे लगाए जाएंगे। अभियान में समिति के अर्चक पुरोहित राजकुमार गर्ग, मुख्य सलाहाकार रुप कुमार सोनी, सलाहाकार प्रभु मूलचंदानी, अध्यक्ष कमलेश देवानी, उपाध्यक्ष राज बिजोरिया, जीतू शिवनानी, महेश, नरेन्द्र टहलानी, महासचिव राजेश केवलानी, सचिव गुरदास रामचंदानी, जगदीश सांवले, राजकुमार धानुक, वासु देवानी, खेमचंद निहचलानी शामिल रहेंगे।

### इंटर्नशिप कार्यक्रम में विधि छात्रों ने जानी आयोग की कार्यप्रणाली



**भोपाल।** म.प्र. मानव अधिकार आयोग द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन सत्र में विधि संकाय के विद्यार्थियों के लिए एक माह का इंटर्नशिप कार्यक्रम कराया गया। 3 से 28 जून तक आयोजित कार्यक्रम में देश के प्रतिष्ठित विधि विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में अध्ययनरत विधि संकाय के विद्यार्थियों को मानव अधिकार एवं आयोग की कार्यप्रणाली सहित विभिन्न विधि विषयों पर विभिन्न रिसोर्स पर्सन द्वारा प्रशिक्षण दिलाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने आयोग में प्राप्त शिकायतों और उनके निराकरण सहित पुलिस एवं शासन-प्रशासन की कार्यप्रणाली को समझा। सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले कुल 39 विद्यार्थियों को आयोग की ओर से प्रमाण-पत्र प्रदान किये गये।

# विश्व पर्यावरण दिवस: पोस्टर प्रतियोगिता, जागरुकता रैली

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

नवयुवक सभा की शिक्षण संस्थाओं ने विश्व पर्यावरण दिवस पर दो दिनी कार्यक्रम आयोजित किए, कुंजल वेलफेयर सोसायटी एंड विश्व युवक केंद्र न्यू देहली के द्वारा विश्व पर्यावरण के उपलक्ष्य मे कक्षा 6वीं से 12वीं तक दो समूह मे पोस्टर मेकिंग कॉम्पिटिशन आयोजित की गई, जिसका टॉपिक ग्रीन अर्थ क्लीन अर्थ, अवर लेंड अवर फ्युचर रखा गया। साथ ही जागरूकता जागरूक रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रभा गौर ने विध्यार्थियों को पेड़ों व पर्यावरण के महत्व के बारे मे बताया प्रीति लाल ने वेस्ट आउट ऑफ बेस्ट से अनेक चीजे बनाना सिखाई । पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के ज्यूरी मेम्बर मनीषा छावानी, प्रीति लाल ने परिणाम घोषित किए, एटी शाहनी के प्रथम समीक्षा लोधी, भूमिका बालचंदानी द्वितीय, राधिका राजपूत तृतीय एवं सिंधु माध्यमिक विद्यालय के प्रथम, खुशी बदोदिया, द्वितीय, नक्ष पाहुजानी, रीना नामदेव तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रबंध समिति द्वारा मुख्य अतिथि प्रभा गौर, कुंजल वेलफेयर सोसायटी के कोषाध्यक्ष शेलैश गोर का शॉल से स्वागत किया।



### सिंधी समाज सेवा ट्रस्ट की सेवाएं निरंतर जारी रहेंगी

**हिरदाराम नगर।** सिंधी समाज सेवा ट्रस्ट की सेवाएं जैसे शव वहां सेवा, मरचुरी ए. सी. फ्रीजर की सेवाएं एवं पग?ी रस्म पर कारपेट, कुर्सी एवं अन्य सामान उपलब्ध कराने जारी रहेंगी। एक बयान में ट्रस्ट ने कह है कि पिछले 18 सालों से ट्रस्ट उक्त सेवाएं उपलब्ध करवा रहा है। ट्रस्ट द्वारा 24 घंटे सेवाएं दी जाती है। रात को 2 बजे भी किसी भी नागरिक को फ्रीजर की आवश्यकता होती है तो उसी समय फ्रीजर उनके घर पर ट्रस्ट पहुंचाने की व्यवस्था करता है। एम्बुलेंस की सेवाएं भी 24 घंटे उपलब्ध है। इन 18 सालों में कभी भी ट्रस्ट द्वारा ऐसी कोई चूक नहीं हुई है कि किसी की सेवाएं उपलब्ध न हुई हो।

# 10 दिन संतनगर में स्वस्थ रहने की कला सीखने आए देशभर से साधक

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

आरोग्य केन्द्र द्वारा आयोजित रोग निवारण एवं प्रशिक्षण मासिक शिविर में दस दिवसीय शिविर का शुभारंभ हुआ, शिविर में विभिन्न स्थानों से कई साधकगण अपक्काहार एवं प्राकृतिक उपचार के साथ-साथ योग, आयुर्वेदिक उपचार, फिजियोथैरेपी, एक्यूप्रेशर, एक्यूपंक्चर, शिरोधारा, पोटली मसाज से भी लाभ की उम्मीद लेकर आए हैं। शिविरार्थियों को प्राकृतिक उपचार, योग, उपवास एवं अपक्क आहार, रसाहार, फलाहार के माध्यम से स्वस्थ रहने की कला सिखाई जाएगी। शिविर के प्रथम दिन प्रातः 07 बजे से शिविर में आए शिविरार्थियों का सर्वप्रथम पंजीयन एवं परामर्श प्राकृतिक चिकित्सकों द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ गुलाब राय टेवानी ने शिविरार्थियों को बताया कि इस शिविर का उद्देश्य है प्राकृतिक चिकित्सा से संपूर्ण स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करना सम्भव। दस दिवसीय शिविर के माध्यम सेअपने शरीर का शुद्धिकरण कैसे करें वो सीखते है। शरीर का शुद्धिकरण होना बहुत ही आवश्यक हैं इसलिए इस शिविर का नाम ही रोग निवारण एवं प्रशिक्षण शिविर÷ रखा गया है। इस शिविर में आप दिनचर्या व उपवास की कला सीखेंगें जिससे आप सुखमय व स्वास्थ्यमय जीवन पा सकें। साथ ही यहा आपका पंच तत्वों से उपचार किया जाएगा जैसे पृथ्वी जल अगिन वायु आकाश।स्वस्थ जीवन प्राप्त करने के लिए एक ही उपाय है, अपनी अस्वस्थ दिनचर्या में परिवर्तन कर स्वस्थ दिनचर्या को अपनाना।



**मेट्रो एंकर** — बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी

# शिक्षा व समग्र विकास के 25 साल पूरे किए मिठी ने

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल में रंगारंग कार्यक्रमों की बीच रजत जयंती समारोह आयोजित किया गया, बच्चों ने मंच पर अपनी प्रस्तुतियों से प्रतिभा का प्रदर्शन किया। स्कूल की शैक्षणिक यात्रा के 25 साल को वीडियो डॉक्यूमेंट्री से बताया गया। नाटक मंचन, समुह नृत्य, वादन एवं मार्शल आर्ट आदि की भी रंगारंग प्रस्तुति विद्यार्थियों द्वारा दी गई।

इस अवसर पर शहीद हेमू कालानी शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष सिद्धभाऊजी ने अपने संदेश में विद्यालय परिवार को रजत जयंती के अवसर पर असीम शुभकामनाएँ दीं। इसके साथ ही भाऊजी ने विद्यालय की स्थापना में मिठीबाई जी मेलवानी एवं गोबिंदराम डी मेलवानी तथा उनके सुपुत्रों एच जी मेलवानी, यू मेलवानी एवं वी जी मेलवानी के विशेष योगदान के लिए आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर सेवासदन आई हॉस्पिटल के मैनेजिंग ट्रस्टी ए सी साधवानी ने मिठीबाई मेलवानी एवं गोबिंदराम डी मेलवानी एवं मेलवानी ब्रदर्स के जीवन पर प्रकाश डाला। संस्था सह-सचिव के एल रामनानी ने कहा कि संत हिरदाराम साहिबजी के स्वप्नों को साकार करने हेतु सिद्ध भाऊजी के सत्प्रयासों से मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल स्थापना की गई। विद्यालय प्राचार्य अजय बहादुर सिंह ने रजत जयंती की शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर संस्था उपाध्यक्ष हीरो ज्ञानचंदानी, सचिव घनश्याम बूलचंदानी, संस्था सदस्य के एल मोटवानी, मनोहर वासवानी, राजकुमार मूलचंदानी, नवयुवक परिषद के महासचिव थावर वरलानी, एकेडमिक डायरेक्टर गोपाल गिरधानी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के छात्र नमन कल्याणी, शाश्वत जैन, अनुष जैन एवं प्रियव्रत सिंह ने किया। आभार प्रदर्शन विद्यालय कोऑर्डिनेटर मिनी नायर ने किया।




# शिव महापुराण कथा में गूंजे भोले के जयकारे

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

महामृत्युंजय शिव महापुराण कथा के पंचम दिवस पर कथा वाचक मुकेशजी ने कहा कि जो व्यक्ति आपको दुख की घड़ी में साथ है, उसका साथ कभी नहीं छोड़ना चाहिए। कथा के दौरान श्रद्धालु भोले के भक्ति गीतों पर नाच गाकर आराधना की।

मुकेशजी ने कहा कि जहां शिव महा पुराण कथा होती हैं वहा सभी तीर्थ विराजमान होते है जिन कार्यो को छोड़कर आप कथा में आते हैं वे सभी कार्य भगवान शंकर आपके पूरे करते हैं महादेव जी आपकी सभी मुरादे पुरी करेंगे। महादेव आपके लिए सब अच्छा करेंगे ईश्वर द्वारा दी गई अनमोल देह की रक्षा करनी चाहिए। जीवन में जब अनुकूल कार्य न हो रहे हो तो उसे सहर्ष स्वीकार करिए, कर्म करिए प्रभु सब अच्छी करेगा। कथा में आगे मुकेशजी ने कहा कि इंसान जितनी भी देर पूजा पाठ करे पूरे ध्यान से करनी चाहिए दुनिया के सभी कार्यो की चिंता छोड़कर पूजा करनी चाहिए ईश्वर आपकी सभी मनोकामना पूर्ण करेगा।



# पांचवीं में 81.71 प्रतिशत, आठवीं में 76.95 प्रतिशत रहा रिजल्ट, 1.22 लाख रहे अनुपस्थित

## आरएसके की पुनः परीक्षा के परिणाम जारी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा मुख्य परीक्षा में फेल व अनुपस्थित विद्यार्थियों के लिए बोर्ड पैटर्न पर आयोजित 5वीं 8वीं पुनः परीक्षा के परिणाम जारी कर दिए गए हैं। प्रदेश के सरकारी-निजी स्कूलों व मदरसों के कक्षा 5वीं के 81.71 प्रतिशत विद्यार्थी तथा कक्षा 8वीं के 76.95 प्रतिशत विद्यार्थी पास हुए हैं। इस परीक्षा में 1 लाख 22 हजार 762 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे हैं।

गत अप्रैल में घोषित मुख्य परीक्षा के परिणाम के बाद कक्षा 5वीं के कुल 1 लाख 81 हजार 996 विद्यार्थियों तथा कक्षा 8वीं के कुल 2 लाख 36 हजार 475 अनुतीर्ण एवं अनुपस्थित विद्यार्थियों को पुनः परीक्षा की पात्रता प्राप्त हुई थी। जिसके बाद इन परीक्षाओं का संचालन गत 3 से 8 जून के दौरान किया गया था। कुल 322 केन्द्र बनाये गए थे, जहां से 28 हजार से अधिक मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा अंकों की ऑनलाइन प्रविष्टि पोर्टल पर दर्ज की गई थी। संचालक, राज्य शिक्षा केन्द्र हरजिंदर सिंह ने बताया कि विद्यार्थी, अभिभावक एवं शिक्षकगण इन परिणामों को राज्य शिक्षा केन्द्र के वेब पोर्टल पर अपना रोल नम्बर प्रविष्ठ कर देख सकते हैं। इसी पोर्टल पर शिक्षक, संस्था प्रमुख को भी अपनी शाला का विद्यार्थीवार परिणाम देखने की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है।

### 61 हजार 884 विद्यार्थी फेल



कक्षा 5वीं में कुल 1 लाख 81 हजार 996 में से 1 लाख 7 हजार 769 विद्यार्थी पास हुए हैं। मदरसा के 2150 में से 1089 शामिल हुए थे। जिसमें से 654 उत्तीर्ण हुए हैं निजी स्कूलों के 52 हजार 438 में से 38 हजार 391 उत्तीर्ण हुए है। 8वीं में 2 लाख 36 हजार 475 में से 1 लाख 26 हजार 56 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। सरकारी स्कूल के 1 लाख 90 हजार 309 विद्यार्थी में से 95 हजार 552 विद्यार्थी पास हुए हैं। मदरसा के 1726 में से 484 उत्तीर्ण हुए हैं। निजी स्कूलों के 44 हजार 440 में से 30 हजार 20 उत्तीर्ण हुए है। वहीं दोनों कक्षाओं में शामिल 61 हजार 884 विद्यार्थी अनुत्तीर्ण हुए हैं।

### ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की स्थिति

जारी परिणाम के अनुसार, कक्षा पांचवी में ग्रामीण क्षेत्र के 1 लाख 28 हजार 437 विद्यार्थियों में से 70 हजार 900 उत्तीर्ण हुए हैं। शहरी क्षेत्र के 53 हजार 559 में से 36 हजार 869 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। वहीं कक्षा आठवीं में ग्रामीण क्षेत्र के 1 लाख 78 हजार 894 विद्यार्थियों में से 90 हजार 9 उत्तीर्ण हुए हैं। शहरी क्षेत्र के 57 हजार 581 में से 45 हजार 652 विद्यार्थी शामिल हुए और 36 हजार 47 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं।

# अमरवाड़ा मिशन के लिए चार दिन डेरा डालेंगे नाथ, भाजपा ने कहा चुनावी पर्यटन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** कांग्रेस के दरकते गढ छिंदवाडा में आज मुख्यमंत्री मोहन यादव अमरवाडा उपचुनाव के मद्देनजरप्रबुध्दजन सम्मेलन के लिये पहुंच रहे हैं तो पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ भी दो जुलाई से यहां डेरा डालने वाले हैं। इस चुनाव में नाथ की प्रतिष्ठा भी फिर दांव पर लग गई है। हाल में उनके पुत्र नकुलनाथ ?लोकसभा का चुनाव हारे हैं। हालांकि नाथ इसी जिले से विधायक हैं। चूंकि कांग्रेस ने उनकी पसंद के मुताबिक अमरवाडा में उम्मीदवार चुना है इसलिये चुनाव की कमान प्रकारांतर से नाथ के पास ही रहेगी। वे 2 जुलाई के बाद छिंदवाड़ा जिले में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। नाथ 2 को छिंदवाड़ा जिले के आंचलकुंड, हर्रई में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। इसके बाद 3 जुलाई को अमरवाड़ा, बटकाखापा में आयोजित कार्यक्रम शामिल होंगे। वे यहां तीन दिन रहेंगे।



### कमलनाथ छिंदवाड़ा की जनता के भी नहीं हुए





उधर भाजपा महामंत्री व सांसद कविता पाटीदार ने कमलनाथ की यात्रा को चुनाव पर्यटन कहा है। उन्होंने यह भी कहा कि लोकसभा चुनाव हारने के बाद कांग्रेस नेता कमलनाथ छिंदवाड़ा की जनता के भी नहीं हुए। परिणाम आने के बाद कमलनाथ और उनके बेटे नकुलनाथ छिंदवाड़ा छोड़कर चले गए। जिले के दो वीर सपूत सेना के जवान सीमा पर शहीद हुए, लेकिन कमलनाथ और उनका परिवार श्रद्धांजलि देने तक नहीं पहुंचा। चुनावी पर्यटन पर आने वाले कमलनाथ और नकुलनाथ को अमरवाड़ा की जनता करारा जवाब देगी। ज्ञात हो कि यहां भाजपा ने कांग्रेस से आए कमलेश शाह को ही टिकट दिया है वे तीन बार कांग्रेस के टिकट पर विधायक रह चुके हैं।

### नामांकन 'बचाने' पहुंचे थे एक्सपर्ट



कांग्रेस ने यहां धीरन शाह को उम्मीदवार बनाकर भाजपा को चौंकाया है। वे सहकारी समिति में काम करते थे और इस्तीफा देकर चुनाव लड़ रहे हैं। कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि पार्टी को तथा कमलनाथ को खासतौर पर फिक्र थी कि ऐनवक्त पर इस्तीफा देकर चुनाव मैदान में उतरे शाह के नामांकन पर खतरा 'पैदा' किया जा सकता है। इसके चलते स्क्रूटनी के दिन खासतौर पर कांग्रेस के लीगल सेल प्रभारी जेपी धनोपिया को भोपाल से अमरवाडा भेजा गया। शाह के इसी पेंच को सहकारिता के प्रावधानों को खंगालकर धनोपिया ने सुलझाया, इसके बाद उनके नामाकंन को प्रशाासन की हरी झंडी मिली।

# कलेक्टर करेंगे मंडियों की निगरानी, गड़बड़ी की तो सचिव नपेंगे



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

### मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश, किसानों को सुविधाएं देने पर जोर दिया

अब कलेक्टर कृषि उपज मंडियों की निगरानी करेंगे। यहां गड़बडी करने वाले सचिवों के खिलाफ कार्रवाई भी होगी। ये निर्देश मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार कृषि विभाग की समीक्षा बैठक में दिए। यह भी कहा कि जब किसान कृषि उपज मंडियों में पहुंचे तो उनके साथ उनकी जरुरी और वैधानिक आवश्यकताओं के अनुरूप व्यवहार हो। कुछ किसान आज भी बहुत कुछ नहीं जानते, ऐसे किसानों की मदद की व्यवस्था करें। यदि वे किसी बात पर नाराज होते हैं तो उन्हें सुने और उनकी समस्याओं का समाधान करें।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि कृषि उपज मंडियों की व्यवस्था को चाक-चौबंद रखें, तौल-कांटे, वित्तीय लेन-देन तथा अन्य व्यवस्था का निरीक्षण करें। वेयर हाउस निर्माण व उपयोग के प्रावधानों में किसानों के हितों को प्राथमिकता दें। तुअर, कोदो-कुटकी के उत्पादन के लिए किसानों को प्रोत्साहित करें, फसल चक्र पर ग्रीष्मकालीन फसल लेने के नकारात्मक प्रभावों को किसानों से साझा करें। फसल विविधिकरण को अपनाने के फायदें बताएं।

बैठक में मुख्यमंत्री को अधिकारियों ने बताया कि अटल कृषि ज्योति योजना में 25 लाख 61 हजार, निःशुल्क विद्युत प्रदाय योजना में 9 लाख 21 हजार और मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना में 80 लाख से अधिक किसान लाभान्वित हुए। रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना में राज्य मिलेट मिशन में वर्ष 2024-25 में कोदो-कुटकी, रागी और ज्वार के 1166 क्विंटल प्रमाणित बीजों का वितरण किया।

# महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान का परीक्षा परिणाम घोषित

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा एवं चेयरमेन महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान मप्र रश्मि अरुण शमी ने संस्थान की 10वीं एवं 12वीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा कर दी है। उन्होंने बताया है कि महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान द्वारा प्रदेश में संचालित समस्त शासकीय एवं अशासकीय संस्कृत विद्यालय के लिये कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं आयोजित की जाती है। प्रमुख सचिव शमी ने बताया है कि कक्षा 10वीं में कुल 5813 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। परीक्षाफल 50.53 प्रतिशत रहा एवं कक्षा 12वीं में 4570 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए जिसका परीक्षाफल 61.93 प्रतिशत रहा। उन्होंने कहा कि परीक्षा परिणाम संस्थान के पोर्टल पर प्रदर्शित है। विद्यार्थी अपना रोल नंबर अंकित कर परीक्षा परिणाम देख सकते है एवं ई-अंकसूची प्राप्त कर सकते है।

# राज्य शिक्षा केन्द्र के नवनियुक्त संचालक ने कार्यभार ग्रहण किया

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



राज्य शिक्षा केन्द्र के नव नियुक्त संचालक हरजिंदर सिंह ने पदभार ग्रहण कर लिया। इस अवसर पर उन्होंने कार्यालयीन अधिकारियों-कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया और विभागीय कार्यो तथा योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर कार्य प्राथमिकताओं पर जोर दिया। संचालक, राज्य शिक्षा केन्द्र ने विभागीय सहयोगियों से समयबद्ध और परिणाम मूलक कार्य प्रणाली को अपनाने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि किसी भी सहयोगी के अच्छे कार्यों की सराहना उसे और अच्छा करने के लिए प्रोत्साहित तो करती ही है, साथ ही दूसरों के लिए प्रेरणा स्त्रोत भी होती है। उन्होंने कहा कि, शिक्षा विभाग के मूल में हमारे शिक्षक और विद्यार्थी हैं, अतरू हमारा हर कार्य उनकी बेहतरी के लिए होना चाहिए। हम राज्य स्तर पर कार्य कर रहे हैं, हमारी कार्यप्रणाली ओपन डोर होनी चाहिए, जिससे अन्य सहयोगियों को अपने विचार हम तक पहुंचाने में कोई झिझक या संकोच ना हो। सीखना एक सतत प्रक्रिया है, हमें एक दूसरे से, अन्य संस्थानों से, दूसरे राज्यों और देशों से जहाँ जो अच्छा हो रहा हो, वह सीखना है और उसे अपनी कार्यप्रणाली में अपनाना है।

# आईएफएस एसोसिएशन के अध्यक्ष चुने गए एपीसीसीएफ डॉ. बीएस अन्नीगिरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

आईएफएस एसोसिएशन के नए अध्यक्ष वन विभाग की आईटी शाखा में अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक ( एपीसीसीएफ) डॉ. बीएस अन्नीगिरी होंगे। उन्हें सर्व सम्मति से शुक्रवार अध्यक्ष चुना गया। अभी तक यह जिम्मेदारी वन्यप्राणी विंग के प्रधान मुख्य वन संरक्षक ( पीसीसीएफ) अतुल श्रीवास्तव के पास थी, जो 30 जून को सेवानिवृत्त हो रहे है। चुनाव अधिकारी एवं एसएफआरआई जबलपुर के डायरेक्टर पीसीसीएफ सत्यानंद ने बताया कि भोपाल डीएफओ आलोक पाठक को कोषाध्यक्ष, एपीसीसीएफ भू-प्रबंधन एचएस मोहंता को उपाध्यक्ष, स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स के रितेश सिरोठिया को सचिव व एपीसीसीएफ समीता राजौरा व पुरुषोत्तम धीमान को सदस्य बनाया है। जबकि वन विहार नेशनल पार्क के डायरेक्टर मीना अवधेश कुमार शिवकुमार को सह सचिव बनाया है।

**मेट्रो एंकर** — मुख्यमंत्री ने सरकारी विभागों की कार्यवाही की जानकारी ली

# शासन की सभी प्राथमिकताओं, उपलब्धियों और श्रेष्ठ कार्यों की जानकारी आमजन तक पहुंचाएं

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



विधानसभा के आगामी सत्र के लिए विभाग और विभागाध्यक्ष प्रश्नों के उत्तर भेजने के साथ ही विभागीय उपलब्धियों का विवरण भी तैयार रखें। विधानसभा एक ऐसा माध्यम है, जहाँ शासन के श्रेष्ठ कार्यों की जानकारी दिए जाने से आमजन तक भी महत्वपूर्ण सूचनाएं पहुंच जाती हैं। विधानसभा सदस्यों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर समय-सीमा में भेजे जाएं। उत्तर के रूप में भेजी गई जानकारी भी संपूर्ण एवं प्रासंगिक होना चाहिए। इसी तरह जनकल्याण से जु?ी राज्य शासन की प्राथमिकताओं का ब्यौरा भी इसमें शामिल होना चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैठक में विधानसभा सत्र के लिए की जा रही तैयारियों और जरूरी जानकारी भेजने के कार्यों की विभागवार समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज मंत्रालयीन सभाकक्ष में एक बैठक में आगामी एक जुलाई से प्रारंभ हो रहे मध्यप्रदेश विधानसभा के सत्र की तैयारियों की जानकारी प्राप्त कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैठक में विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों को सत्र के संबंध में शासन स्तर पर की जाने वाली कार्यवाही के संबंध में आवश्यक निर्देश भी दिए। बैठक में मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव संसदीय कार्य विभाग श्री के.सी. गुप्ता, प्रमुख सचिव विधानसभा श्री ए.पी. सिंह, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय श्री संजय कुमार शुक्ला और श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह, प्रमुख सचिव जनसंपर्क एवं विमानन श्री संदीप यादव सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विधानसभा सत्र में पारित किए जाने वाले विधेयक से संबंधित आवश्यक प्रक्रिया सत्र के पूर्व यथाशीघ्र पूर्ण की जाए। इसके साथ ही अपूर्ण प्रश्न, शून्यकाल की सूचना से संबंधित जानकारी भी तैयार कर विधानसभा सचिवालय को भेजी जाए। सत्र के दौरान विभागों द्वारा निर्धारित नोडल अधिकारी नियमित रूप से उपस्थित रहें। सत्र में बजट प्रस्तुत किए जाने के दिन भी संबंधित अधिकारी दायित्व पर उपस्थित रहें। विभागों के अधिकारी, विभागों द्वारा किए जा रहे अच्छे कार्यों का विस्तृत विवरण आवश्यकतानुसार उपलब्ध करवाएं।



## संपादकीय

# दो सीएम और जांच

पिछले कुछ महीनों से दो मुख्यमंत्रियों की गिरफ्तारी सियासी विवाद का बड़ा मसला रही है। इनमें से झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन को कल रांची हाइकोर्ट ने जमानत दे दी है। वे जेल से बाहर भी आ गए हैं लेकिन दिल्ली में हुए कथित शराब घोटाले की जांच में फंसे सीएम अरविंद केजरीवाल के लिये जमानत बहुत मुश्किल लगने लगी है क्योंकि जांच ही अब बहुकोणीय हो गई है। पहले प्रवर्तन निदेशालय ने केजरीवाल को इस मामले में गिरफ्तार किया था, अब केंद्रीय जांच एजंसी यानी सीबीआइ ने भी उन्हें हिरासत में ले लिया है। सीबीआइ का कहना है कि दिल्ली की आबकारी नीति बनाने में दक्षिण भारत का एक समूह शामिल था और उससे केजरीवाल जुड़े हुए थे। इस मामले में बड़ी साजिश का पता लगाने के लिए केजरीवाल का सबूतों से आमना-सामना कराना और उनसे पूछताछ जरूरी है। अदालत ने सीबीआइ की इस दलील को उचित मानते हुए केजरीवाल की तीन दिन की हिरासत मंजूर कर दी। माना जाता है कि सीबीआइ को कुछ पुख्ता सबूत हाथ लगे होंगे, तभी उसने हिरासत की मांग की। मगर हमेशा की तरह आम आदमी पार्टी इस मामले को सियासी हथकंडा करार दे रही है कुछ दिनों पहले राउज एवेन्यू अदालत ने केजरीवाल को जमानत दे दी थी। उसने प्रवर्तन निदेशालय के पास केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ पुख्ता सबूत न होने को लेकर नाराजगी भी जताई थी। मगर प्रवर्तन निदेशालय ने उस जमानत आदेश के खिलाफ उच्च न्यायालय में गुहार लगाई और जमानत पर स्थगन आदेश मिल गया। इसे लेकर अभी चर्चाएं चल ही रही थीं कि सीबीआइ ने केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया। दिल्ली शराब घोटाले की सच्चाई अभी रहस्य के पर्दे में है। आम आदमी पार्टी के कई नेता इसकी जांच की जद में आ चुके हैं। उपमुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया लंबे समय से जेल में हैं। संजय सिंह जेल जाकर आ चुके हैं। कयास लगाए जाते हैं कि और भी कुछ नेताओं तक इस जांच की आंच पहुंच सकती है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को अवैध ठहराने की कानूनी लड़ाई चल रही है। उन्हें सर्वोच्च न्यायालय ने आम चुनाव के दौरान प्रचार करने के लिए मोहलत दी थी, पर फिर उन्हें जेल जाना पड़ा। अब सीबीआइ ने एक नया सिरा पकड़ लिया है, तो केजरीवाल की रिहाई आसान नहीं लगती। खास बात यह है कि केजरीवाल ने अभी तक मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं दिया है।जबकि सोरेन इस्तीफा देने के बाद जेल गये थे। चूंकि ऐसा कानूनी प्रावधान नहीं है कि किसी व्यक्ति को किसी आरोप में गिरफ्तारी से पहले इस्तीफा देना अनिवार्य है, इसलिए केजरीवाल ने पद पर बने रहने का फैसला किया। मगर सार्वजनिक जीवन में सब कुछ कानून से नहीं चलता, जनभावनाएं भी महत्त्वपूर्ण होती हैं। चूंकि कथित शराब घोटाला मामले को राजनीतिक रंग दे दिया गया है और इसे लेकर अभी तक कोई पुख्ता प्रमाण सामने नहीं आ सका है, इसलिए लोगों में भ्रम बना हुआ है। आम आदमी पार्टी और भाजपा एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाती रहती हैं। ताजा मामले में भी आम आदमी पार्टी का तर्क है कि केंद्र सरकार केजरीवाल को इस मामले में उलझाए रख कर सीखचों के पीछे रखने का प्रयास कर रही है। मगर भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों को जब इस तरह सियासी रंग दे दिया और लंबे समय तक उलझाए रखा जाता है तो उससे आम लोगों का भरोसा कमजोर होता है। अगर सचमुच दिल्ली की आबकारी नीति गलत थी और उसके चलते कुछ लोगों को नाजायज लाभ पहुंचाया गया, तो इसकी सच्चाई जल्दी सामने आनी चाहिए।

# नेता प्रतिपक्ष बने राहुल के लिए 60 महीने बड़ा अवसर

■ **विनोद पाठक**

संसद में लोकसभा अध्यक्ष पद के चुनाव के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी एक नए अंदाज में दिखे। उन्होंने एक बार फिर सफेद कुर्ता-पजामा पहन लिया। दाढ़ी सलीके से सेट कराई। एक रात पहले उन्हें लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष चुना गया था। अपने 20 साल लंबे राजनीतिक करियर में पहली बार राहुल गांधी कोई संवैधानिक पद संभालेंगे। चूंकि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने तीसरे कार्यकाल में पूर्ण बहुमत नहीं मिला है और वो गठबंधन की सरकार चला रहे हैं तो राहुल गांधी के पास खुद को स्थापित और साबित करने का बड़ा अवसर है।कई बार री-लॉन्च किए जा चुके राहुल गांधी क्या नई जिम्मेदारी को बखूबी निभा पाएंगे? जिन उम्मीदों के साथ जनता ने उनकी पार्टी को 99 सीटें दी हैं, उन पर खरा उतार पाएंगे? इन सवालों के जवाब अगले कुछ महीनों में मिल जाएंगे।वर्ष 2013 में राहुल गांधी को जयपुर में कांग्रेस पार्टी के अधिवेशन में उपाध्यक्ष चुना गया था। तब उन्होंने मार्मिक भाषण दिया था और सत्ता को जहर तक बताया था। कांग्रेस ने उन्हें भविष्य के नेता के रूप में प्रोजेक्ट किया। हालांकि, कांग्रेस वर्ष 2014 में लोकसभा चुनाव में अपना सबसे न्यूनतम प्रदर्शन कर 44 सीटों पर सिमट गई थी। तब कांग्रेस ने यह कहकर बचाव किया था कि मनमोहन सिंह सरकार के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर थी। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले राहुल गांधी को कांग्रेस का अध्यक्ष चुना गया। उन्होंने देशभर में कांग्रेस के प्रचार का नेतृत्व किया, लेकिन पार्टी एक बार फिर बुरी तरह हारी। उसे 52 सीटें मिलीं। कुल मिलाकर राहुल गांधी के नेतृत्व को जनता ने नकार दिया और राहुल गांधी ने भी अध्यक्ष पद को छोड़ दिया। वर्ष 2019 के बाद राहुल गांधी कुछ समय के लिए अज्ञातवास में चले गए। पार्टी उनसे नेतृत्व का गुहार लगाती रही, पर काफी मान-मनौव्वल के बावजूद वो नहीं माने।

केंद्र में लगातार 10 साल पूरे कर रही नरेंद्र मोदी सरकार के खिलाफ एक बार फिर सत्ता विरोधी लहर का लाभ लेने के लिए कांग्रेस ने राहुल गांधी की ओर देखा। करीब-करीब सभी विपक्षी पार्टियों को जोड़कर एक बड़ा गठबंधन बनाया। यह बात और है कि इस बार विपक्षी गठबंधन का नेतृत्व किसी एक चेहरे पर नहीं था, क्योंकि कोई भी राहुल गांधी के आगे रखकर चुनाव नहीं लड़ना चाहता था। फिर कुछ क्षेत्रीय दलों की अपनी प्रतिबद्धताएं हैं। ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल और अरविंद केजरीवाल पंजाब में कांग्रेस के खिलाफ चुनाव लड़े। हालांकि, कांग्रेस पार्टी ने पूरे चुनाव में यह साफ कर दिया था कि उनके नेता राहुल गांधी हैं। राहुल गांधी ने भी देशभर में जमकर प्रचार किया। कांग्रेस पार्टी पिछले कुछ सालों में राहुल गांधी की जबरदस्त ब्रांडिंग करती आई है। भारत जोड़ो यात्रा हो या भारत जोड़ो न्याय यात्रा, राहुल गांधी ने देश को दक्षिण से उत्तर और पूर्व से पश्चिम तक सड़क से नापा है। वो पिछले कुछ महीनो में सरकार के खिलाफ काफी उत्तेजित नजर आए हैं। बड़ी हुई दाढ़ी, सफेद टी-शर्ट और ब्लैक पेंट, यह उनकी पहचान बन गई थी। सफेद टी-शर्ट और ब्लैक पेंट के लिए तो उन्होंने यहां तक कहा कि मैं सदा लिबास में रहना पसंद करता हूं। इसलिए सफेद टी-शर्ट पहन लेता हूं। ये और बात है कि इस सफेद टी-शर्ट की कीमत को लेकर सत्ताधारी भाजपा के नेताओं ने राहुल गांधी पर तंज कसा, लेकिन राहुल गांधी इस बार रुकते नहीं दिखे।भले यह तथ्य सही है कि कांग्रेस ने वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में अपना तीसरा सबसे खराब प्रदर्शन किया, लेकिन राहुल गांधी के नेतृत्व में 99 सीटें लाकर कांग्रेस अपनी वापसी का डंका बजा रही है। पिछले दो लोकसभा चुनावों में कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष बनने लायक सीटें नहीं ला रही थी तो इस कामयाबी से एक नए उत्साह का संचार उसमें देखने को मिल रहा है।



कांग्रेस के सोशल मीडिया हैंडल्स पर अगर नजर डाली जाए तो यह साफ दिखता है कि कांग्रेस राहुल गांधी को अभी से प्रधानमंत्री प्रोजेक्ट करने की मंशा से आगे बढ़ रही है। उन्हें जननायक बताया जा रहा है। उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष खड़ा करने की पूरी कोशिश की जा रही है। राहुल गांधी को नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी देने के पीछे कांग्रेस का यही यह गेम प्लान है। पूरी कांग्रेस राहुल गांधी के नेतृत्व में एकजुट नजर आ रही है। हालांकि, इन चुनावों में कांग्रेस को जो 99 सीटें मिली हैं, वो केवल राहुल गांधी के प्रचार या चेहरे की बदौलत नहीं मिली हैं। यह कांग्रेस पार्टी को बखूबी पता है। उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, महाराष्ट्र, तमिलनाडु जैसे राज्यों में कांग्रेस गठबंधन के साथ चुनाव लड़ी। यहां तक की राजस्थान में कांग्रेस को हनुमान बेनीवाल, भारतीय आदिवासी पार्टी और कम्युनिस्ट पार्टी के साथ समझौता करना पड़ा, जहां वो भाजपा से दो-दो हाथ करती है। यह तथ्य भी गौर करने लायक है कि इंडी अलायंस की अधिकांश पार्टियां कांग्रेस की जमीन छीनकर अपने-अपने राज्यों में खड़ी हुई हैं। राहुल गांधी की असली चुनौतियां अब शुरू हुई है। अब तक वो बिना संवैधानिक जिम्मेदारी के राजनीति कर रहे थे। हालांकि, उनके पास वर्ष 2004 से 2014 के बीच मंत्री और प्रधानमंत्री तक बनने का अवसर था, जिसे उन्होंने कभी स्वीकार नहीं किया, यानी वो कोई संवैधानिक पद लेने से बचते रहे थे। राहुल गांधी के पास अगले 5 साल नरेंद्र मोदी सरकार को घेरने का अच्छा अवसर है। राहुल गांधी इस बार पहले से थोड़े अधिक परिपक्व नजर आ रहे हैं। लोकसभा के भीतर और बाहर वो थोड़ा फॉर्म में दिखे, लेकिन कांग्रेस के रणनीतिकारों को थोड़ा संभलकर चलना होगा, क्योंकि लोकसभा अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर अपनी पहली परीक्षा में राहुल गांधी कोई बड़ा इंपैक्ट नहीं छोड़ पाए हैं। सर्वसम्मति से लोकसभा अध्यक्ष चुनने के बजाय उन्होंने अपनी पार्टी की ओर से प्रत्याशी खड़ा कर दिया, जिसे विपक्ष का प्रत्याशी बताया गया, जिसे लेकर ममता बनर्जी ने नाराजगी जता दी। इंडी अलायंस की एकता में पहली दरार साफ दिखी। जब लोकसभा अध्यक्ष पद के चुनाव में मत विभाजन का मौका आया तो राहुल गांधी के नेतृत्व में विपक्ष पीछे हट गया। शायद कांग्रेस को डर था कि जिन 233 सीटें के नंबर को लेकर वो उत्साहित है, वो गुब्बारा फुस्स न हो जाए। यदि राहुल गांधी सर्वसम्मति पर अध्यक्ष पद के लिए मान जाते तो बहुत संभव था कि डिप्टी स्पीकर का पद वो सरकार से ले लेते, लेकिन अब यह बेहद मुश्किल नजर आता है।

अब राहुल गांधी केवल आरोप-प्रत्यारोप लगाकर राजनीतिक खेल नहीं खेल सकते हैं। उन्हें पूरे तथ्यों और नियमों के साथ सरकार को घेरना होगा। नरेंद्र मोदी सरकार का एक अल्टरनेटिव जनता के समक्ष पेश करना होगा। राहुल गांधी के पास अगले 60 महीने बहुत बड़ा अवसर होगा। यदि एनडीए गठबंधन सरकार पूरे 5 साल अपना कार्यकाल पूरा लेती है तो वर्ष 2029 में राहुल गांधी मुकाबले को बेहद दिलचस्प बना सकते हैं। बड़ा सवाल यह है कि क्या तब तक राहुल गांधी इंडी अलायंस को एकजुट रख पाएंगे, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कोशिश यही होगी कि विपक्षी एकता में दरार पड़े। राहुल गांधी को आगे बढ़ता देख कांग्रेसी जमीन पर खड़ी हुई क्षेत्रीय पार्टियों का रुख क्या रहेगा? यह देखना होगा। इस बार मिले अवसर को राहुल गांधी कितना भुना पाएंगे? इस पर जनता की नजर अवश्य बनी रहने वाली है।

**-यह लेखक के विचार हैं।**

# तीस्ता प्रबंधन के बहाने पेइचिंग का खेल

■ **पुष्परंजन**

कुल 315 किलोमीटर लंबी तीस्ता नदी सिक्किम, पश्चिम बंगाल से बहती हुई बांग्लादेश में प्रवेश करती है, और ब्रह्मपुत्र में समाहित हो जाती है। तीस्ता पर भारत-बांग्लादेश के बीच कब समझौता होगा, किस देश को कितना पानी मिलेगा? फिलहाल यह साफ नहीं है। बांग्लादेश को 48 फीसदी तीस्ता का पानी चाहिए, लेकिन पश्चिम बंगाल सरकार की दलील है कि ऐसी स्थिति में उत्तर बंगाल के छह जिलों में सिंचाई व्यवस्था पूरी तरह ठप हो जाएगी। बंगाल इसके लिए जब तैयार नहीं है, तो फिर तीस्ता समझौता कैसे परवान चढ़ेगा? इस सवाल का ठोस उत्तर देने से दिल्ली भी बच रहा है। शेख़ हसीना की हालिया दिल्ली यात्रा और उभयपक्षीय समझौतों से हम चाहे जितना खुश हो लें, लेकिन तीस्ता कहीं न कहीं कड़वाहट का कारण बन रहा है। बांग्लादेश में विपक्ष और वहां का मीडिया फुंका पड़ा है। उनका मानना है कि तीस्ता जल में हिस्सेदारी के बड़ैर सारे समझौते बेकार हैं।



तीस्ता जल समझौते को अंतिम रूप देने का मामला जनवरी, 2011 से अधर में लटका पड़ा है। बांग्लादेश और भारत के बीच प्रधानमंत्री स्तर की बैठकों में इसकी चर्चा होती है, शीघ्र समापन के आश्वासन के साथ बात आई-गई हो जाती है। अनुरोध और आश्वासन का सिलसिला समाप्त नहीं हुआ। बजाय इसके, घोषणा यह की गई कि एक भारतीय तकनीकी टीम जल्द ही बांग्लादेश का दौरा करेगी, ताकि बांग्लादेश के अंदर 'तीस्ता नदी के संरक्षण और प्रबंधन' पर चर्चा की जा सके। 'नदी संरक्षण और प्रबंधन' से भारत का क्या अभिप्राय थाड़ इस पर भारतीय विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने एक मीडिया ब्रीफिंग में बताया, 'यह जल-बंटवारे के बारे में कम, बल्कि तीस्ता नदी के भीतर जल प्रवाह के प्रबंधन के बारे में अधिक है।' बांग्लादेश के विश्लेषक मानते हैं कि तीस्ता जल-बंटवारे पर चर्चा को हाशिये पर छोड़ दिया गया। वो पूछते हैं, क्या तीस्ता जल बंटवारे को जान-बूझकर विषय से बाहर किया गया हैड़ बांग्लादेश में तीस्ता नदी व्यापक प्रबंधन और पुनरुद्धार परियोजना (टीआरसीएमआरपी) पर चर्चा पिछले कुछ वर्षों से चल रही है। तीस्ता जल धारा को फिर से बहाल करने की इस मेगा परियोजना को चीन की वित्तीय और तकनीकी सहायता से क्रियान्वित किया जाना है। 2016 से ही चीन और बांग्लादेश इस मामले पर चर्चा कर रहे हैं। चीन के कूद पड़ने से ऐसा लगता है कि इस परियोजना में दिलचस्पी लेना भारत की मड़बूरी बन चुकी है। सितंबर 2016 में, बांग्लादेश जल विकास बोर्ड ने उत्तरी बांग्लादेश के ग्रेटर रंगपुर क्षेत्र में तीस्ता को बेहतर ढंग से प्रबंधित करने के लिए चीन के पावर कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन के साथ एक 'एमओयू' पर हस्ताक्षर किए थे।

बांग्लादेश को तीस्ता नदी व्यापक प्रबंधन परियोजना के लिए लगभग 987.27 मिलियन डॉलर की आवश्यकता है। दिखावे के तौर पर बांग्लादेश ने विश्व बैंक, जापान, और दूसरी अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक सहयोग एजेंसियों से बात की। लेकिन बांग्लादेश जल संसाधन मंत्रालय के वरिष्ठ सचिव कबीर बिन अनवर ने जानकारी दी, कि चीन ने इस विशाल परियोजना की फंडिंग के वास्ते हामी भर दी है। तीस्ता बेसिन पर बसा रंगपुर से पंचगड़ तक का इलाड़ा चीन के टारगेट में है, जहां उसे जल प्रबंधन के बहाने डाटा इकट्ठे करने हैं। बांग्लादेश का पंचगड़ एक ऐसा सामरिक लोकेशन है, जो पूर्वोत्तर के चिकेन नेक (सिलीगुड़ी) से मात्र 67 किलोमीटर की दूरी पर है। चिकेन नेक से लगे इलाके में चीनी कर्मियों की मौजूदगी सचमुच चिंता वाली बात है। तो क्या दिल्ली पर दबाव बनाने के वास्ते शेख़ हसीना यह खेल, खेल रही थींड़ शेख़ हसीना संभवतः 8 से 14 जुलाई के बीच पेइचिंग की यात्रा पर रहेंगी। 24 जून, 2024 को सीपीसी सेंट्रल कमेटी के नेता लियु चिएनचाओ इस सिलसिले में ढाका आये थे। उन्होंने बांग्लादेश के विदेश मंत्री हसन महमूद से ढाका-पेइचिंग डेवलपमेंट कॉरपोरेशन, ब्रिक्स में बांग्लादेश को सदस्य बनाने, उभयपक्षीय व्यापार घाटे को दुरुस्त करने जैसे विषयों पर बात की, लेकिन तीस्ता पर अपडेट को लेकर किसी भी पक्ष ने मीडिया से सूचनाएं साझा नहीं कीं। अब जो दिल्ली में शेख़ हसीना की यात्रा को अभूतपूर्व उपलब्धि मान रहे थे, उन्हें इस पर ड़ौर करना चाहिए कि ढाका में चल क्या रहा है।

बांग्लादेश का थिंक टैंक मानता है कि तीस्ता नदी पर भारतीय बैराज, इंफ्रा, जलविद्युत परियोजनाएं नदी के प्रवाह में बाधाएं पैदा करने के वास्ते हैं। उनको शक है कि भारत, तीस्ता के पानी के उचित हिस्से से बांग्लादेश को वंचित करने के उपक्रम में है। लेकिन वे चीन की प्लानिंग पर ड़ौर नहीं करते। पावर चाइना तीस्ता पर ड्रेजिंग और दोनों तरफ तटबंध बनाकर नदी की चौड़ाई को कम करने और उसकी गहराई बड़ाने का प्रस्ताव दे चुका है। नदी के दोनों किनारों को पाटकर 170 वर्ग किलोमीटर भूमि को पुनः प्राप्त करना, उस भूमि पर आवास और औद्योगिक पार्क बनाना भी इस मेगा परियोजना का लक्ष्य है। वर्तमान में, तीस्ता नदी की अधिकतम चौड़ाई 5.1 किलोमीटर और औसत चौड़ाई 3.1 किलोमीटर है। टीआरसीएमआरपी परियोजना के तहत यह चौड़ाई घटाकर एक किलोमीटर कर दी जाएगी। इससे तीस्ता नदी के वेग और जल वहन क्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।अमेरिका के पेनसिल्वेनिया स्थित कॉमनवेल्थ विश्वविद्यालय में भूविज्ञान और पर्यावरण विज्ञान के प्रोफेसर डॉ. एमडी खलीकुज्जमां के एक अध्ययन के अनुसार, 'नदी का क्रॉस-सेक्शन कम होने के कारण नदी का वेग बड़ जाएगा। नतीजतन, जब बरसात के मौसम में पानी का प्रवाह बहुत बड़ जाता है, तो दोनों किनारों पर कटाव की प्रवृत्ति बड़ जाएगी। नदी के दोनों किनारों पर तटबंधों के कारण तीस्ता की अधिकांश सहायक नदियां और वितरिकाएं मुख्य धारा से कट जाएंगी। इससे जलग्रहण क्षेत्र में भूजल स्तर कम हो जाएगा, जिससे पीने योग्य पानी और उथले ट्यूबवेल के माध्यम से खींचे जाने वाले सिंचाई के पानी की उपलब्धता कम हो जाएगी।' मालूम नहीं, शेख़ हसीना के सलाहकार इस तथ्य से कितना सरोकार रखते हैं। तीस्ता नदी परियोजना के चक्कर में बांग्लादेश एक नाजुक कूटनीतिक दुविधा में फंस चुका है। शेख़ हसीना की चीन यात्रा में जो कुछ होने जा रहा है, वह भारत की भू-राजनीतिक व सुरक्षा जोखिमों के बारे में चिंताएं पैदा करता है। तीस्ता प्रबंधन परियोजना समझौते पर चीन क्या करेगा, इस पर सबकी निगाहें हैं। विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने चीन को तीस्ता परियोजना से दूर रखने की ताकीद बांग्लादेश से की है। कुछ साल पहले, बांग्लादेश ने कॉक्स बाजार के पास बंगाल की खाड़ी में सोनादिया गहरे समुद्र बंदरगाह पर परियोजना को रद्द कर दिया था, जिसे चीन बनाने के लिए उत्सुक था। भारत इसे लेकर असहज था। विश्लेषण करें कि इस बार भी शेख़ हसीना सकारात्मक निर्णय लेंगी।

**- -यह लेखक के विचार हैं।**

कभी किसी को ऊंची दृष्टि से न देखें, कभी किसी को हेय दृष्टि से न देखें, जब आप हरेक को वैसा ही देखते हैं जैसे वो हैं, तो आप जीवन से अच्छी तरह से गुजरेंगे।

## निशाना

### पानी पीकर कोस रहे !



फैली अराजकता ।  
किए नहीं कुछ काम ।।  
पानी पीकर कोस रहे ।  
ले रहे भी नाम ।।  
जल जमाव, जल भराव ।  
है थोड़ी बरसात ।।  
है चर्चा चहुंओर ।  
आप की ही बात ।।  
झेल रही है जनता ।  
है मुश्किल इस बार ।।  
हैं सुविधाविहीन ।  
पग पग है प्रहार ।।  
किंकर्तव्यविमूढ़ हैं ।  
कौन सुनने वाला ?  
अंदर बाहर कर रहा ।  
जो अपना रखवाला ।।

**- कृष्णेन्द्र राय**

## आज का इतिहास

- 1972 वाटरगेट कॉम्प्लेक्स इनवाशिंगटन, सी। में डेमोक्रेटिक नेशनल कमेटी के कार्यालयों पर चोरी के प्रयास के लिए पांच लोगों को गिरफ्तार किया, जिसमें वाटरगेट कांड को प्रज्वलित किया। अमेरिकी राष्ट्रपति रिचर्ड न्यूटन के इस्तीफे का नेतृत्व किया गया।
- 1981 मिस्र के काहिरा में मुस्लिमों और इसाईयों के बीच संघर्ष में 14 लोग मारे गये।
- 1985 जॉन हेन्ड्रिक्स ने संयुक्त राज्य अमेरिका में डिस्कवरी चैनल शुरू किया।
- 1985 स्पेस शटल डिस्कवरी ने पेलोड स्पेशलिस्ट के रूप में सुल्तान बिन सलमान बिन अब्दुलअज़ीज़ अल सऊद, अंतरिक्ष में पहले अरब और पहले मुस्लिम को ले जाने की शुरुआत की। नासा के स्पेस शटल कार्यक्रम की अठारहवीं उड़ान थी, और स्पेस शटल डिस्कवरी की पांचवीं उड़ान थी। कैनेडी स्पेस सेंटर, फ्लोरिडा से 17 जून, 1985 को लॉन्च किया गया सात दिवसीय मिशन और 24 जून को कैलिफोर्निया के एडवर्ड्स एयरफोर्स बेस पर उतरा।
- 1985 बोर्ड स्पेस शटल डिस्कवरी में, सुल्तान बिन सलमान अल सऊदबकेम पहले अरब, पहले मुस्लिम, और बाहरी अंतरिक्ष में उड़ान भरने वाले पहले अंतरिक्ष यात्री रक्त।
- 1987 प्रजातियों के अंतिम व्यक्ति की मृत्यु के साथ, सांवली समुद्र तटीय गौरैया विलुप्त हो गई। सांवली समुद्र तटीय गौरैया, अम्मोड्रामस मैरिटिमस नाइग्रसेन्स, सीराइड गौरैया की गैर-प्रवासी उप-प्रजातियां थीं, जो फ्लोरिडा में मेरिट द्वीप के प्राकृतिक नमक दलदलों और सेंट जॉन्स नदी के किनारे पाई जाती थीं।
- 1991 दक्षिण अफ्रीका की संसद ने जनसंख्या पंजीकरण अधिनियम को निरस्त कर दिया, जिसके लिए आवश्यक है कि दक्षिण अफ्रीका के प्रत्येक निवासी को रंगभेद की प्रणाली के भाग के रूप में जाति द्वारा वर्गीकृत और पंजीकृत किया जाए।
- 1992 हथियारों की कटौती पर एक ÷संयुक्त समझ÷ समझौते पर अमेरिकी राष्ट्रपति जॉर्ज बुश और रूसी राष्ट्रपति बोरिस येल्तसिन ने हस्ताक्षर किए हैं।

जनपद पंचायत में नर्मदापुरम में रोजगार मेला संपन्न

# 850 युवाओं में से 508 का प्राथमिक चयन किया गया



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

जनपद पंचायत कार्यालय नर्मदापुरम में रोजगार मेला का आयोजन सफलता पूर्वक संपन्?न हुआ। जिला रोजगार अधिकारी ने उक?त जानकारी देते हुए बताया कि रोजगार मेला का आयोजन जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय द्वारा किया गया। मेला में मुख्य कार्यपालन अधिकारी के निर्देशन में मेला का आयोजन हुआ, जिसमें जिला व्यापार जिला उद्योग केंद्र अधिकारी एवं एन.आर.एल एवं जिला रोजगार कार्यालय अधिकारी एवं धर्मेश तिवारी द्वारा अहम भूमिका निभाई गयी एवं अन्य अधिकारी एवं कार्मचारी उपस्थित रहे। जिसमें निजि क्षेत्र में रोजगार दिलाने वाली 25 कंपनियां शामिल हुयी। इंडियन एयर फोर्स (भोपाल), वर्धमान बुदनी, जील फैशन वेयर, आई.आई.ऐ.एच.एम., भारतीय जीवन बीमा, ट्राईडेंट बुदनी, नहर (मंडीदीप), मदरसन ट्रेक्टर (गुजरात), इंडोफोम (हिमाचल प्रदेश), ङ्क.ङ्क.ष्ठ.ह्.टैकनोलॉजी, एच.डी.एफ.सी. बैंक (ड्डद्यद्य स्बक्क), ऐ.यू. बैंक, सकस्स स्टेयर्स (भोपाल), मैगनम ग्रुप, वी विन (भोपाल), लरनिंग स्क्वाड (भोपाल), बजाज फाइनेंस, ट्रइलॉजिक, नवकिसान बायेटेक, फयूचर स्किल्स भोपाल, रिलायंस निप्पन लाईफ, कन्सलटिंग एण्ड डिज़ाइन्स जैसी कंपनियां शामिल हुयी। रोजगार मेला में 850 युवाओं में से 508 युवाओं का प्राथमिक चयन किया गया।

कार्यालय प्रमुख ईई ने एसपी को लेखाधिकारी के पक्ष में कारर्वाई के लिए दिया आवेदन

# व्हाट्सऐप मेसेज से खेल, लेखाधिकारी के समर्थन में उतरे अधिकारी - कर्मचारी

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

**जब कोई शासकीय लोक सेवक सरकारी काम को निष्ठा पूर्वक और अपने कर्तव्यों का समुचित तरीके से निर्वहन करते हैं तो उनकी यह कर्तव्य परायणता कुछ लोगों को देखी नहीं जाती और वह ऐसे कर्तव्यनिष्ठ लोक सेवक के प्रति भ्रामक प्रचार करके उनकी छवि धूमल करने का प्रयास करते हैं। एक ऐसा ही प्रयास कुछ लोग लोक निर्माण विभाग(भवन) हरदा में पदस्थ लेखाधिकारी देवेंद्र कुमार मौर्य की छवि बिगाड़ने को लेकर कर रहे हैं एक व्यक्ति द्वारा 08 जून 2024 को मोबाइल नंबर, 9669903244 से व्हाट्सएप पर भोपाल खंडवा और नर्मदापुरम के कई वरिष्ठ अधिकारी तथा कई समाजसेवी राजनेताओं तथा अन्य प्रबुद्ध वर्गों के व्हाट्सएप पर ऐसे मैसेज भेजे गए है जिस से मौर्य की छवि धूमिल हो सके और उन्हें मानसिक रूप से परेशान किया जा सके. यह कृत कौन कर रहा है यह तो अभी स्पष्ट नहीं हुआ है लेकिन जिस नंबर से और जिस व्यक्ति के नाम से व्हाट्सएप पर पत्र भेजे गए हैं वह व्यक्ति ना तो उस स्थान पर रहता है और ना ही उसका वह नंबर सेवा में है. जिस नंबर पर व्हाट्सएप पर मैसेज गए हैं।**





### लेखाधिकारी मौर्य ने विभाग प्रमुख को घटना से कराया अवगत

व्हाट्सएप पर जिस व्यक्ति द्वारा मौर्य को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों को वाट्सअप पर भेजे गए सन्देश के मामले में लेखाधिकारी देवेंद्र कुमार मौर्य ने कार्यालय प्रमुख कार्यपालन यंत्री को अवगत कराते हुए लिखा कि सत्यनारायण सोनी मुकेश नगर मंगलनाथ रोड काजीपुरा उज्जैन द्वारा मेरी शासकीय कार्य प्रणाली को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों को जो शिकायत की गई है उस शिकायत की भी जांच हो चुकी है.

श्री मौर्य ने बताया जाँच में ऐसे कोई तथ्य सामने नहीं आए हैं जिसके आधार पर कुछ शिकायत को सही कराया जाए. शिकायत पूर्णतया निराधार और भी बुनियाद है. शिकायत की जांच करने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा उक्त शिकायतकर्ता का पता लगाया तो उस स्थान पर वह मिला ही नहीं और वह मोबाइल भी नंबर बंद था जिससे व्हाट्सएप पर मैसेज भेजे गए थे . श्री मौर्य ने विभाग प्रमुख को अवगत करते हुए लिखा कि जिस व्यक्ति ने गलत पते से शिकायत की है और जिस मोबाइल नंबर से जहां-जहां व्हाट्सएप भेजे हैं उस नंबर पर फोन लगाने पर वह नंबर बंद मिला. मुझे व मेरे परिवार को इस नंबर से से भविष्य में जान माल का खतरा हो सकता है. इस तरह झूठी शिकायत करके मुझे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है.मेरे घर परिवार में डर और दुर्घटना होने का माहौल बना है.मेरे साथ कभी भी अप्रिय घटना हो सकती है. श्री मौर्य ने कार्य पालन यंत्री से आग्रह किया कि उक्त मोबाइल नंबर धारक के प्रति थाने में मामला दर्ज कराएं ताकि में स्वस्थ मानसिक रूप से अपना काम कर सकूं और अपने परिवार का ख्याल रख सकूं।

### कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग ने एसपी को कराया अवगत

मानसिक प्रताड़ना से जूझ रहे लोक निर्माण विभाग हरदा के लेखाधिकारी देवेंद्र कुमार मौर्य की व्यथा को गंभीरता से लेते हुए कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भवन) हरदा द्वारा 12 जून 2024 को पुलिस अधीक्षक हरदा को लिखित रूप में अवगत कराते हुए बताया कि भोपाल खंडवा व नर्मदापुरम के अधिकारियों ठेकेदारों तथा प्रबुद्धगणों को मोबाइल नंबर 96699 03244 से व्हाट्सएप पर मैसेज भेज कर लेखाधिकारी मौर्य की छवि को धूमिल किया जा रहा है. जिससे संबंधित कर्मचारी के मानसिक संतुलन पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है. उक्त मोबाइल नंबर धारक से मौर्य के परिवार तथा उनके बच्चे जो बाहर रहकर पढ़ाई कर रहे हैं. भविष्य में उनकी जान माल को खतरा हो सकता है। उक्त मोबाइल नंबर के धारक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई करने का कष्ट करें ताकि देवेंद्र कुमार मौर्य अपना शासकीय कार्य स्वस्थ मन से कर सकें।

# पांच प्रकरणों में जिला बदर के आदेश

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट बुद्धेश कुमार वैद्य ने पांच प्रकरणों में जिला बदर के आदेश जारी किए हैं। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वैद्य के द्वारा जिन 05 आदतन अपराधियों पर जिला-बदर की कार्यवाही की है उनमें गुलाब सिंह पिता धारू सिंह गुर्जर निवासी दुधनखेडी थाना शमशाबाद, रमेश सिंह पिता धारू सिंह गुर्जर निवासी दुधनखेडी थाना शमशाबाद, लालाराम त्यागी पिता कल्याण दास त्यागी निवासी भवानी नगर सिरोंज थाना सिरोंज को एक-एक वर्ष की कालावधि के लिए जिला बदर के आदेश जारी किया है तथा दो अन्य आरोपी लालू उर्फ हरीराम पुत्र गजराम सिंह दांगी निवासी बमुलियाउदा थाना सिरोंज एवं देवेन्द्र उर्फ नंगा पिता बाबूलाल विश्वकर्मा निवासी वार्ड क्रमांक 05 कृपाराम वाली गली गंजबासौदा थाना गंजबासौदा को तीन-तीन माह की कालावधि के लिए जिला बदर का आदेश जारी किया गया है।कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में उल्लेख है कि इन अपराधियों द्वारा गंभीर अपराध घटित करने जैसे लोगो के साथ मारपीट करना, जान से मारने की धमकी देना, हत्या अडीबाजी, बलवा जैसे जघन्य सामाजिक अपराध घटित कर माहौल खराब कर आम जनता को परेशान करने के कारण, पुलिस अधीक्षक श्री दीपक कुमार शुक्ला के प्रतिवेदन एवं सुनवाई पक्ष समर्थन पश्चात मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 (क) (ख) के अधीन आदेश पारित किये गये हैं।

आदेश में उल्लेखित किया गया है कि जिलाबदर निष्कासन अवधि के दौरान विदिशा एवं सीमावर्ती जिले, रायसेन, भोपाल, गुना, अशोकनगर, सागर एवं राजगढ की राजस्व सीमाओं में भी नही रह सकेगें।

# जिला स्तरीय उपार्जन समिति गठित

**सिरोंज।** जिले में ग्रीष्मकालीन मूंग का समर्थन मूल्य पर उपार्जन कार्य सुव्यवस्थित रूप से संचालन हो इसके लिए कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य के द्वारा जिला स्तरीय समिति गठित करने के आदेश जारी कर दिए गए है।किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव द्वारा जारी निर्देशो के अनुसार विपणन वर्ष 2024-25 समर्थन मूल्य पर ग्रीष्मकालीन मूंग के लिए गठित जिला स्तरीय समिति के कलेक्टर स्वंय अध्यक्ष होंगे। जबकि किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उप संचालक को समिति का सदस्य, सचिव नियुक्त किया गया है इसके अलावा समिति में आठ अन्य सदस्य भी शामिल किए गए है।

रूपापुर-चिल्लई-गुर्रा की रोड खराब

# रूपापुर के युवाओं नें सुधारी सड़क, किया श्रमदान

**इटारसी, दोपहर मेट्रो।**



प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनांतर्गत ग्राम रूपापुर से चिल्लई एवं सिलारी से गुर्रा पहुंच मार्ग की हालत खराब है, खराब हालात से चिंतित युवाओं नें श्रमदान करके खराब रोड सुधारी । ज्ञात रहे कि भारतीय किसान संघ विगत 2 महिनें से इस खराब सड़क पर सुधार कार्य करानें की मांग कर रहा है लेकिन विभाग द्वारा किसी प्रकार का कोई सुधार कार्य नहीं किया गया । प्रतिदिन वाहन फिसलनें से दुर्घटनाएं हो रही है । इससे चिंतित गांव के युवाओं नें विरोधस्वरूप मुरम डालकर खराब रोड को सुधारा । रूपापुर के विनोद चौरे,भोलाराम चौरे,राजेश दुबे,शुभम यादव,सोनू चौरे,शेखर यादव,वंश दुबे,अमित दुबे,दुलारे यादव,अमित चौरे,ललित दुबे, एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे ।

### 5 हजार ग्रामीण प्रतिदिन करते है आवागमन

उक्त मार्ग से ग्राम नांदनेर, सिलारी, गुर्रा, चिल्लई, रूपापुर, छीपीखापा, कैंप, गजपुर,धोबीखापा के लगभग 5000 ग्रामीण,विद्यार्थी,मजदूर आवागमन करते है । किंतु विभाग सैकड़ों ग्रामीणों की सुविधा को दरकिनार करके सुधार कार्य नहीं करा रहा है । इस मार्ग से विद्यार्थी कालेज,रेल्वे स्टेशन और बसस्टैंड के लिए जाते है किंतु सड़क खराब होनें से दुर्घटना की आशंका बनीं रहती है ।

रूपापुर गांव के युवा कृषक विनोद चौरे नें बताया कि पढ़ाई के लिए मेरे बच्चे शहर में रहते है प्रतिदिन इस रोड से आना जाना होता है, रोड खराब होनें से समय भी ज्यादा लगता है एवं दुर्घटना की आशंका रहती है । विभाग को शीघ्र ही रोड की मरम्मत करनी चाहिए । गांव के सोनू चौरे नें बताया कि शहर जानें का एकमात्र रास्ता है बरसात मैं और भी खराब हो जाएगा अगर शीघ्र नहीं बनाया तो बारिश के समय दुर्घटनाएं होगी ।

### आंदोलन का प्रथम चरण, आगे करेंगे बड़ा आंदोलन

भारतीय किसान संघ के जिला प्रवक्ता रजत दुबे नें बताया कि अनेक दिनों से इस सड़क का मुद्दा उठा रहे है समाचारों के माध्यम से भी जागरूक पत्रकारों नें प्रमुखता से खराब सड़क की खबर को प्रकाशित किया,भाकिसं नें पी एम जी एस योजना महाप्रबंधक को भी ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया किंतु कोई कार्यवाही नहीं की गयी, यह आंदोलन का प्रथम चरण है अगले सप्ताह इससे बड़ा आंदोलन एवं प्रदर्शन भारतीय किसान संघ करेगा जिसकी जबाबदारी विभाग कि होगी ।

# कृष्ण गोपाल तिवारी ने नर्मदा पुरम संभाग आयुक्त का पद संभाला

**नर्मदापुरम।** 2008 बेंच के आईएएस अधिकारी श्री कृष्ण गोपाल तिवारी ने 28 जून शुक्रवार को नर्मदा पुरम संभाग के संभागायुक्त का पदभार ग्रहण किया । संभागायुक्त श्री तिवारी मूलत उत्तर प्रदेश के निवासी हैं।



इससे पूर्व में वे नर्मदा पुरम जिला पंचायत में मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं उमरिया जिले के कलेक्टर के पद पर रह चुके हैं । कमिश्नर कार्यालय पहुंचने पर अपर आयुक्त आरपी सिंह, उपायुक्त राजस्व गणेश जायसवाल, संयुक्त उपायुक्त विकास श्री जीपी दोहर एवं कमिश्नर कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने संभागायुक्त का स्वागत किया।

# बैंकर्स हितग्राहियों को शीघ्र वित्त पोषण करें

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

कलेक्टर ने डीएलसीसी की बैठक में सभी बैंकर्स प्रतिनिधियों से कहा है कि हितग्राहीमूलक प्रकरणो में वित्त पोषण संबंधी कार्य शीघ्रतिशीघ्र करें ताकि हितग्राही उसी वित्तीय वर्ष समाप्ति के दौरान स्वरोजगारमुखी होकर ब्याज किश्त जमा करना शुरू कर दें।

कलेक्टर ने कहा कि शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभांवित होने वाले हितग्राहियों को समय पर बैंको द्वारा वित्त पोषण करने पर हितग्राही के साथ-साथ अन्य विधाओं के क्षेत्र में बैंकर्स की ख्याति में वृद्धि होती है। हितग्राहियों का स्वरोजगार संचालन होने से सामाजिक स्तर पर उनकी छवि में सुधार आता है जिसका श्रेय प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से बैंक को भी जाता है। बैंकर्स प्रतिनिधि मानवीयता को ध्यान में रखते हुए हितग्राहीमूलक योजनाओं के दस्तावेंजो की पूर्ति के लिए बार-बार बैंको का चक्कर ना लगवाएं। उन्होंने कहा कि सीडी रेशो के अनुसार बैंको को नियमानुसार वित्त पोषण हरेक योजनाओं में करना अतिआवश्यक है। अतः वित्तीय वर्ष समाप्ति का इंतजार ना करते हुए दिसम्बर तक फायनेंस संबंधी तमाम लक्ष्य पूरे करें ताकि नए वर्ष में हितग्राही अपने स्वरोजगार का संचालन कर सकें वहीं वित्तीय वर्ष समाप्ति के पूर्व किश्ते जमा होना भी शुरू हो जाएं।

कलेक्टेट के बेतवा सभागार कक्ष में आयोजित डीएलसीसी की बैठक में पिछले तिमाही बैंकिग विकास कार्यो की समीक्षा की गई इसके अलावा बैठक में जिन बिन्दुओं पर गहन चर्चा कर निर्णय लिए गए उनमें स्वसहायता समूहो को दिए जाने वाले क्रेडिट लिंकेज (सीसीएल) की प्रगति की समीक्षा (एसआरएलएम), पीएम स्वनिधि योजना अंतर्गत प्रगति की समीक्षा (जिला शहरी विकास अभिकरण), स्वरोजगार योजना (जिला शहरी विकास अभिकरण) अंतर्गत प्रगति की समीक्षा, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना की प्रगति की समीक्षा (जिला उद्योग विभाग), पीएमईजीपी योजना के ऋण प्रस्तावो की प्रगति की समीक्षा (जिला उद्योग विभाग, केबीआईसी एवं केबीआईबी), पीएमएफएमई योजना की प्रगति की समीक्षा (उद्यानिकी विभाग), मत्स्यपालन ऋण एवं मत्स्य केसीसी के प्रकरणो की प्रगति की समीक्षा।

मेट्रो एंकर

नगर पालिका में पीआईसी की हुई बैठक

# नगर विकास के लिए नगर पालिका में पीआईसी की मीटिंग में कई अहम मुद्दे पर की गई चर्चा

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

चुनावी आचार संहिता लगने के बाद आचार संहिता के हटते ही नगर पालिका में पीआईसी की मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें नगर विकास के महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में सीएमओ शीतल भलावी, नपाध्यक्ष रितेश जैन, सभापति दीपक बाथव, श्रीमति अखिलेश चौकसे, श्रीमति प्रीति शुक्ला, श्रीमति सरिता अग्रवाल, श्रीमति किरण बाथव, ईश्वर दास जमींदार, दुर्गेश उईके शामिल रहे।



### पीआईसी की बैठक में इन विषयों पर की गई चर्चा

1. निकाय को प्राप्त अन्य निविदाओं पर विचार एवं निर्णय।
2. मुख्यमंत्री नगरीय क्षेत्र अधोसंरचना निर्माण योजनातंर्गत विकास कार्य में प्राप्त एकल निविदाकार सूर्या स्टोन क्रेशर द्वारा प्रदाय कर + 4.440 प्रतिशत अधिक पर समक्ष स्वीकृति हेतु विचार एवं निर्णय।
3. अमृत-2 योजनातंर्गत ओ.एस.टी. निर्माण के सम्बंध में विचार एवं निर्णय।
4. वार्ड नम्बर 05 पार्किंग सह काम्पलेक्स भवन निर्माण में प्राप्त ठेकेदार श्री सुनील द्वीप बिल्डर्स होशंगाबाद द्वारा प्रदाय न्यूनतम दर (+) 3.4700 प्रतिशत अधिक पर विचार एवं निर्णय।
5. स्वच्छ भारत मिशन 2 लेगेसी वेस्ट उपचार बायोमाईनिंग एवं बायोरिमिडेशन पद्धति अन्तर्गत ठेकेदार इकोस्टोन इंफ्रा प्राईवेट लिमिटेड द्वारा दिसम्बर 2024 तक समय विस्तार के सम्बंध में विचार एवं निर्णय।
6. ए.एच.पी. योजनातंर्गत ब्रिज लोन पर विचार।
7. प्रधानमंत्री आवास योजना ए.एच.पी. घटक अन्तर्गत ठेकेदार द्वारा बाहरी विद्युतीकरण कार्य नहीं किये जाने पर विचार एवं निर्णय।
8. विभागीय सामग्री के लगाये गये टेण्डर की पुनः निविदा आमंत्रित किये जाने के सम्बंध में विचार एवं निर्णय।
9. वर्षा ऋतु अन्तर्गत शहर के विभिन्न स्थानों में सड़क मरम्मत अन्तर्गत कोपरा डाले जाने के सम्बंध में विचार एवं निर्णय।
10. शासन से प्राप्त समयमान वेतनमान एवं नियमानुसार वेतनवृद्धि पर विचार एवं निर्णय।
11. असंचयी वेतन वृद्धि बहाली के सम्बंध में विचार एवं निर्णय।
12. श्री प्रशांत कुमार शर्मा स्वच्छता निरीक्षक की परीविक्षा अवधि समाप्ति उपरांत वेतन वृद्धियां जोड़े जाने के सम्बंध में विचार एवं निर्णय।
13. श्री महेन्द्र सिंह परिहार सहायक ग्रेड-3 एवं श्री संतोष शिवहरे सहायक राजस्व निरीक्षक द्वारा लिये गये अर्जित अवकाश की स्वीकृति के सम्बंध में विचार एवं निर्णय।
14. श्री जितेन्द्र सिंह सहायक राजस्व निरीक्षक वर्तमान संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास यां. प्र. म.प्र. भोपाल एवं शेष रहे सेवानिवृत्त / मृतक कर्मचारियों को समयमान वेतनमान का लाभ दिये जाने की स्वीकृति के सम्बंध में विचार एवं निर्णय।
15. खसरा नम्बर 180 लोखरतलाई नाका डब्ल्यू टी के पास दुकान निर्माण एवं पार्क तथा अन्य निर्माण किये जाने पर विचार एवं निर्णय।
16. निलय ड्रीम कॉलोनी के पास खाली पड़े शासकीय भूमि पर पार्क निर्माण कार्य किये जाने परविचार एवं निर्णय।
17. 02 नये अस्थाई इंजीनियर जिन्हें सड़क एवं भवन निर्माण का पूर्ण अनुभव हो दैनिक वेतन पर रखने के सम्बंध में विचार एवं निर्णय।



### सरकार ने सुबह 10 से शाम 6 बजे तक कार्यालय खुले रखने के दिए हैं आदेश

# अधिकारी कर्मचारी नहीं कर रहे आदेश पालन, कैसे होंगे जनता के काम



सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

मध्य प्रदेश शासन ने सरकारी कार्यालयों का समय सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक तय किया है। जिससे आम आदमी का काम आसानी से हो सके। लेकिन सरकारी कार्यालयों का ढचरा सुधरने का नाम नहीं ले रहा है। आदेश आने के बाद भी शुक्रवार पत्रकार प्रमोद रघुवंशी ने पड़ताल में देखा कि नपा कार्यालय में कुर्सियां खाली थीं। सिरोंज तहसील के नया समय 10 बजे नगर पालिका कार्यालय का ताला तो खुल गया था, लेकिन अधिकारी उपस्थित नही थे, कार्यालय में सुबह तय समय 10 बजे पहुंचकर पड़ताल की तो विभागीय अधिकारियों की मनमर्जी की ड्यूटी ही सामने आई। क्षेत्र के मुखिया एसडीएम हर्षल चौधरी तो समय से अपने कार्यालय पहुंचे, लेकिन विभागीय अधिकारियों के चौंबरों में कुर्सियां खाली पड़ी रहीं।

## समय पर नहीं आए अधिकारी

कहीं ताले लटके थे तो कहीं पर कार्यालयों के बाबू अधिकारियों के आने का इंतजार कर रहे थे। खास बात यह रही कि कई अधिकारियों ने यह सफाई भी दी कि उन्हें फील्ड पर जाना पड़ता है, ऐसे में फील्ड पर कार्य होने के चलते वह कार्यालय पर उपस्थित नहीं हो पाए हैं। वहीं अब लेट लतीफी से कार्यालयों में पहुंचने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों की एसडीएम हर्षल चौधरी द्वारा लगातार मानीटरिंग कराई जाएगी इसके साथ ही, जो तय समय से कार्यालय नहीं पहुंचेगा उसके खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी। शुक्रवार को सुबह 10 बजे से लेकर 11:15 तक तहसील के एक दर्जन कार्यालयों का निरीक्षण किया, जिसमें कई अधिकारियों और कर्मचारियों नहीं थे। था।10 बजकर 10 मिनिट पर नगर पालिका कार्यालय जहां पर कार्यालय में सफाई चल रही थी, हालांकि ऑफिस तो खुला था कुर्सी भी लगी थी लेकिन उन पर बैठा कोई नहीं था, इसके अलावा नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारी सीएमओ के ऑफिस में जाकर देखा तो उनके ऑफिस में भी खाली कुर्सी ही लगी हुई थी। समय 10:28 जनपद सीईओ कार्यालय में ही ताला डाला था अन्य अधिकारी कर्मचारी भी नहीं पहुंचे थे - जनपद पंचायत कार्यालय में देखने को मिला, जहां पर जनपद के मुख्य अधिकारी 10:30 बजे तक कार्यालय नहीं पहुंचे उनके चौंबरों में ताले लगे हुए थे। इसके अलावा अन्य कर्मचारी भी अपने- अपने ऑफिस में मौजूद नहीं थे। हालांकि पीएम आवास शाखा के ऑपरेटर और एक बाबू उनके कार्यालय में बैठकर कुछ कार्य कर रहे थे।सरकार के आदेश के बाद भी अधिकारी अपने कार्यालय में समय पर नहीं पहुंचे। सामान्य प्रशासन विभाग ने पत्र जारी कर कहा था कि पूरे प्रदेश के समस्त शासकीय कार्यालयों का कार्यालयीन समय प्रातः 10 बजे से शाम 6 बजे तक नियत किया गया है। पूरा कार्यालय खाली पड़ा हुआ था। यही स्थिति आरईएस विभाग की देखने को मिली जहां पर उनके कार्यालय में भी ताला लगा हुआ था एक भी इंजीनियर या कोई कर्मचारी मौजूद नही था।

## 11 बजे तक खाली कार्यालय

समय 11 बजे उपपंजीयक कार्यालय खुला था जहां पर चौकीदार सफाई कर था, लेकिन रजिस्ट्रार नहीं पहुंचे थे। किसान इंतजार करते भी दिखाई दिए। वहीं 11 बजे जब हमारी टीम उप पंजीयक कार्यालय पहुंची तो वहां पर साफ सफाई चल रही थी अधिकारी आने की बात तो दूरी ही है। जबकि कई किसान पहले ही पहुंच चुके थे और साहब के आने का इंतजार कर रहे थे।

## पशु चिकित्सालय में लगे ताले

समय 10:16 पशु चिकित्सालय का मुख्य गेट तो खुला था, लेकिन डॉक्टरों के कार्यालय पर ताले डाले थे। जबकि पशु चिकित्सालय का टाइम शासन के निर्देश अनुसार सुबह 9 बजे का है इसके बावजूद भी 10:15 बजे कोई भी जिम्मेदार अधिकारी नहीं पहुंचा था।

# मंडी में किसान की उपज पर डाका डालने, मारपीट करने वालों पर नहीं हुई एफआईआर

### कांग्रेस ने किया प्रदर्शन,मंडी में भेजा आवेदन पुलिस ने लौटाया



सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

कृषि उपज मंडी में आए दिन किसनों की उपज पर डंडी मरने वाले हम्मलो तुलावटों पर ठोस कार्रवाई नहीं होने के कारण वैसे ही कम संख्या में कृषक उपज लेकर आते हैं चोरी के लिए बदनाम है इसके चलते मंडी का ग्रेड भी नीचे गए चुका है फिर भी उसमें सुधार नहीं हो रहा है दूसरी ओर किसान की फसल को चोरी करने के साथ उसके साथ मारपीट करने वालों पर मंडी प्रशासन प्रकरण भी दर्ज नहीं कर पाई और ना ही प्रशासन के जिम्मेदारों अधिकारी जनप्रतिनिधि भी ध्यान नहीं दे रहे हैं। किसान के साथ मारपीट और उपज चोरी की घटना को दो दिन बीत चुके हैं इसके बाद भी किसानों की सरकार में किसान पिट रहे है फिर भी प्रशासन जिम्मेदार कड़ी कार्रवाई भी नहीं कर पा रहे हैं । पिछले दिनों ही कृषि विभाग के कार्यालय में किसानों को खाद की मांग जमीन पर बैठकर रखनी पड़ी थी और अधिकारी कुर्सी बैठे थे। इस बात नाराज होकर क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा कृषि विभाग के कार्यालय पहुंचे और किसाने की तरह जमीन पर बैठकर कृषि विस्तार अधिकारी को शिष्टाचार सिखने की नसीहत दी। मामले को लेकर शुक्रवार को कांग्रेस नेता सुरेंद्र रघुवंशी ने कृषि उपज मंडी कार्यालय में पहुंचकर काफी देर तक प्रदर्शन किया और प्रभारी मंडी सचिव रमेश बाबू से बात करते हुए कहा कि आखिर क्या हो रहा है किसानों को इस मंडी में उपज लेकर आना बंद कर देना चाहिए या फिर अनाज चोरी करने वालों को रोकेंगे हमम्ल तुलावटों किसानों के साथ मारपीट करेंगे ऐसा करने वालों को हम बर्दाश्त नहीं करेंगे तत्काल प्रकरण दर्ज करवाकर ठोस कार्रवाई की जाए तभी हम लोग यहां से हटेंगे प्रभारी मंडी सचिव ने कहा कि सूचना के बाद तत्काल हमने कार्रवाई करते हुए नोटिस भी जारी किया था पंचनामा भी बनाया था पर किसानों प्रकरण करवाने की मांग पर अड़े हुए थे। किसान नेता की मांग पर मंडी प्रशासन ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करने के लिए आवेदन दिया पुलिस ने आवेदन को आधा अधूरा बता कर लौटा दिया और कहा कि संपूर्ण जानकारी दें इसके बाद ही हम आगे कार्रवाई करेंगे । गुरुवार को किसान की उपज चोरी करते हुए खुलेआम पकड़े गए फिर किसान के विरोध पर उसके साथ मंडी में ही तोल कांटे पर खुलेआम मारपीट की गई है। मामले को लेकर और सबूत मांग रही है तभी मामले में कार्रवाई करने की बात कह रही है। या फिर कहां है प्रशासन के ढीले रवैया का फायदा उठाया जा रहा है और किसान पीट रहे हैं अधिकारी जनप्रतिनिधि तमाशा देख रहे हैं। ममला यह है

ग्राम टोरी बागरोद निवासी किसान रवि यादव पुत्र तूफान सिंह कल अपनी सोयाबीन की उपज लेकर सिरोंज कृषि उपज मंडी में आए थे वहां पर फॉर्म राधा वल्लभ बाबूलाल के यहां उनकी सोयाबीन की तौल के समय तुलावट और हम्मालो द्वारा बोरो में अधिक उपज तोल कर एक बोरा गायब कर दिया गया किसान द्वारा फोन पर अपने साथ हुई घटना से किसान कांग्रेस नेता सुरेंद्र रघुवंशी इसके बाद मंडी प्रशासन को बुलाकर सारी बात बताई गई। मंडी प्रशासन द्वारा पंचनामा बनाकर कल अपने कार्यवाही की इतीश्री कर ली थी।

### इनका कहना है

*भाजपा सरकार में खुलेआम किसानों के मारपीट की जा रही है जिम्मेदार कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। चोरी के बाद मारपीट करने वालों पर कार्रवाई के लिए हमने मंडी सचिव को 1 दिन का समय दिया है। यदि प्रकरण दर्ज नहीं हुआ तो हम फिर किसाने हित में बड़ा प्रदर्शन करेंगे।*

**सुरेंद्र रघुवंशी**, किसान नेता।

*हमने पंचनामा बनाकर नोटिस भी जारी कर दिया था प्रकरण दर्ज करने के लिए आवेदन दिया था पर पुलिस ने अधूरी जानकारी का कहकर आवेदन लौटा दिया है। आज फिर संपूर्ण दस्तावेजों के साथ आवेदन देकर मामला दर्ज करवाएंगे।*

**रमेश बाबू**, प्रभारी सचिव मंडी

*मंडी प्रशासन के द्वारा आधा अधूरा आवेदन दिया था उसको लौटा दिया है और हमने उनसे संपूर्ण जानकारी के साथ आवेदन मांगा है फिर हम कार्रवाई करेंगे।*

**संदीप सिंह पंवार**, थाना प्रभारी सिरोंज

# दिव्यांगजनों हेतु सहायक उपकरण परीक्षण शिविर का आयोजन हुआ



**सिरोंज।** सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित एडिप योजनांतर्गत आज शुक्रवार को सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग जिला विदिशा द्वारा भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम एलिम्को उज्जैन के सहयोग से दिव्यांगजनों हेतु सहायक उपकरण परीक्षण शिविर का आयोजन जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र (पुराना चिकित्सालय) विदिशा में किया गया। शिविर में जिले के समस्त विकासखण्डों के 155 दिव्यांगजनों ने पंजीयन एवं परीक्षण कराया। जिसमें से 75 दिव्यांगजन विभिन्न सहायक उपकरण जैसे मोटराईज्ड ट्रायसाईकिल, ट्रायसाईकिल, व्हीलचेयर, वैशाखी, इत्यादि के लिए पात्र पाये गये। शिविर में श्री धनराजसिंह दांगी, जिला पंचायत सदस्य एवं श्री चंद्रपालसिंह दांगी पार्षद नगरपालिका विदिशा उनके क्षेत्र के दिव्यांगजनों के साथ उपस्थित रहे। सामाजिक न्याय विभाग के उप संचालक पंकज जैन, प्रभारी प्रशासनिक अधिकारी जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र विदिशा श्रीमति नेहासिंह, समग्र सामाजिक सुरक्षा विस्तार अधिकारी श्रीमति मालती लोधी, जनपद पंचायत विदिशा एवं एलिम्कों के विषय विशेषज्ञ नीलेश अहिरवार, राजकिशोर डलायई एवं विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मप्र वैश्य महासम्मेलन की महिला मंडल ने मजबूती पर दिया जोर

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

मप्र वैश्य महासम्मेलन को मजबूती प्रदान वा विस्तार करने के लिए समय समय पर जिला इकाई का दौरा तहसीलों पर होता है । इसी कड़ी मे जिला अध्यक्ष मनोज गुप्ता कार्यकारी अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, महिला अध्यक्ष अनीता महेश्वरी, मंजू ओसवाल तथा युवा अध्यक्ष गगन खेडा तहसील महिला अध्यक्ष शशि जैन बैठक करके संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए विभिन्न सामाजिक विषयों पर चर्चा हुई। जिला अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने बताया कि भोपाल में रायसेन रोड पर हमारा वैश्य भवन बनकर तैयार हैं । जिसमें हम सभी कों आर्थिक सहयोग करना हैं तथा शीघ्र ही बासोदा में जिला स्तरीय कार्यक्रम होगा जहां प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा । तहसील संरक्षक अरविंद जैन ने





सभी अतिथियों को पटका पहना कर स्वागत किया। तहसील अध्यक्ष अतुल गोयल ने संगठन कि गतिविधियों से अवगत कराया। इस अवसर पर दीप्ति गोयल तथा वर्षा गोयल ने आजीवन सदस्यता ग्रहण कि। आजीवन सदस्य कृष्ण गोपाल गर्ग कि पूज्य माताजी श्रीमती किरण लता गर्ग के आकस्मिक निधन पर सभी ने मौन रख श्रद्धांजलि अर्पित कि।

# दिन भर छाए रहे बादल उमस ने किया बेहाल



**सिरोंज।** मानसून की बारिश प्रारंभ नहीं होने से मौसम में ठंडक नहीं गुल रही है। इसके चलते कई किसान हल्का पानी गिरने पर फसल लगा दी है वह खराब हो रही है और कई ग्राम में बारिश नहीं होने से किसान अभी बोनी भी नहीं कर पाए हैं। शुक्रवार को दिनभर बादलों की लुका छुपी का दौर चलता इसके कारण उमस बढ़ गई। इस समय बेचौनी पैदा करने वाली गर्मी हो रही है जो सभी के लिए समस्या उत्पन्न करें सबसे ज्यादा परेशानी बीपी शुगर स्वास बालों को हो रही है। उनकी और भी मुश्किलें बड़ी हुई है जल्दी ही मानसून की बारिश प्रारंभ नहीं हुई तो लोगों को इस मुश्किल भरी गर्मी से दो-चार होना पड़ेगा कई लोग तो घरों से निकलने में भी कतरा रहे हैं।

# सागर संसदीय क्षेत्र की सांसद बानखेड़े आज आएंगी सिरोंज



**सिरोंज।** आज शनिवार दोपहर 02 बजे निजी गार्डन में भाजपा संगठन द्वारा कार्यकर्ता सम्मान एवं मतदाता अभिनंदन यात्रा का आयोजन किया गया है। इस आयोजन में सहभागिता करने सागर संसदीय क्षेत्र की सांसद श्रीमती लता बानखेड़े विजय होने के उपरांत पहली बार सिरोंज लटेरी विधानसभा में पधार रहीं है। इस अवसर पर सिरोंज लटेरी विधानसभा की ओर से उनका भी नागरिक अभिनंदन किया जाएगा।


जिला रोज़गार कार्यालय, भोपाल (म.प्र.)
एवं
CAREER COLLEGE (Autonomous) CII Confederation of Indian Industry NIIT
के संयुक्त तत्वाधान में
मेगा ओपन जॉब फेयर (रोजगार मेला)
शनिवार, 29 जून 2024 प्रातः 8:30 बजे से
स्थान : कॅरियर कॉलेज, बी.एच.ई.एल., भोपाल
पात्रता : समस्त 12वीं, डिप्लोमा, स्नातक एवं स्नातकोत्तर
रजिस्ट्रेशन लिंक : https://tinyurl.com/career-mojf
हेल्पलाईन्स 9893198813 9522152288
रजिस्ट्रेशन के लिए स्केन करें
LIC AXIS BANK ICICI Bank SBI Life HEXAWARE BajajCapital Corporate Steps Investopher ESAF pixielit APT IGT pukhraj QUESS ageasFEDERAL YASHASWI
G-12525/24


**मेट्रो एंकर**

### सेवानिवृत्ति के समय ही तमाम भुगतान के निर्देश

# पेंशन प्रकरणों का निराकरण हो: कलेक्टर

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने जिले में लंबित पेंशन प्रकरणों की समीक्षा के दौरान जिला पेंशन अधिकारी श्री को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि पेंशन संबंधी प्रकरणों का निराकरण यथाशीघ्र करें सेवानिवृत होने वाले कर्मचारी को उसी दिन तमाम दावों की राशि प्राप्त हो ऐसी व्यवस्था क्रियान्वित करें। कलेक्टर श्री वैद्य ने कहा कि सेवानिवृत होने वाले कर्मचारी के तमाम दस्तावेजों का निराकरण शीघ्र करें ताकि उन्हें सेवानिवृत्ति के उपरांत कार्यालय के चक्कर न लगाना पड़े।

कलेक्टर श्री वैद्य ने सभी विभागों के जिला अधिकारियों को भी निर्देशित किया है कि अधीनस्थ सेवानिवृत होने वाले अधिकारी कर्मचारियों की जानकारियां जिला पेंशन कार्यालय को समय पर उपलब्ध कारण साथ ही उनसे संबंधित तमाम दस्तावेज जिनके आधार पर सेवानिवृत होने वाले कर्मचारी के प्रकरणों का निराकरण किया जाना है की पूर्ति यथाशीघ्र कारण इसके लिए छह माह पहले से तैयारी करना सुनिश्चित करें।

जिला पेंशन अधिकारी रूपेंद्र सिंह मरावी ने बताया कि वित्त विभाग के द्वारा जारी निर्देश व पत्रों के परिपालन में आईएफएमआई इस अंतर्गत सेवानिवृत्ति शासकीय सेवक के पेंशन प्रकरण के निराकरण हेतु जो दिशा निर्देश जारी किए गए हैं उनका अक्षत पालन कराया जाना है तदानुसार सर्वप्रथम कार्यालय प्रमुख द्वारा आगामी 24 माह में सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय सेवकों के, कार्यालय स्तर पर संधारित किये जाने वाले समस्त विवरण, जो पेंशन प्रकरण पर प्रभाव डालते है यथा-विभागीय जॉच, न्यायालयीन प्रकरण, आवास आवंटन, लंबित वसूलियां, वेतन निर्धारण, अनहर्तार्थी सेवा, पूर्व सेवा आदि विवरणों की जॉच आई.एफ.एम. आई.एस. में की जायेगी। विवरण अपूर्ण होने पर एक माह के अंदर



आई. एफ.एम.आई.एस. में प्रविष्टियां पूर्ण कराना सुनिश्चित करेगा।कार्यालय प्रमुख द्वारा, समस्त जानकारी का ऑनलाईन सत्यापन किया जावेगा। सत्यापन के समय अन्य जानकारी के साथ-साथ विभागीय जॉच, अपराधिक प्रकरणों की स्थिति, कर्मचार को प्रदत्त दण्ड आदि की स्थिति, अर्हताकारी सेवा की स्थिति आदि जानकारी को भी सत्यापित किया जावेगा। कार्यालय प्रमुख द्वारा शासकीय सेवक के दिवंगत होने पर, परिवार पेंशन के प्रकरण में मृत्यु प्रमाण-पत्र, परिवार पेंशनर का विवरण तथा अन्य जानकारी के साथ आवेदन प्राप्त होने के 15 दिवस के अंदर पेंशन प्रकरण तैयार कर जिला पेंशन कार्यालय में प्रस्तुत किया जावेगा।

कार्यालय प्रमुख द्वारा पेंशन प्रकरण सेवानिवृत्ति दिनांक से छःमाह पूर्व जिला पेंशन कार्यालय को प्रेषित किया जावेगा। जिला पेंशन कार्यालय द्वारा कार्यालय प्रमुख से पेंशन प्रकरण का उपरोक्त बिन्दु ऋमांक-01 के अनुसार समस्त विवरणों का परीक्षण किया जावेगा, उक्त विवरण अपूर्ण होने पर कार्यालय प्रमुख को पेंशन प्रकरण वापिस किया जावेगा। जिसमें कार्यालय प्रमुख द्वारा 01 सप्ताह में उक्त विवरणों की पूर्तियां कर पुनः पेंशन प्रकरण जिला पेंशन कार्यालय में प्रेषित किया जावेगा। जिला पेंशन कार्यालय द्वारा बिन्दु ऋमांक-05 में परीक्षण की कार्यवाही पूर्ण कर सेवानिवृत्ति दिनांक के अगले माह की 07 तारीख के बाद पी.पी. ओ. जारी किया जावेगा। जिला पेंशन कार्यालय द्वारा पी.पी.ओ. जारी श्करने के अगले माह में प्रथम पेंशन एवं उपादान राशि का भुगतान किया जावेगा, शेष अन्य देय स्वत्वों यथा- जी.पी.एफ., अवकाश नगदीकरण,समूह बीमा योजना का भुगतान कार्यालय प्रमुख द्वारा जिला कोषालय में देयक प्रस्तुत कर किया जावेगा।

उपादान भुगतान के पूर्व, शासकीय आवास रिक्त करने एवं बकाया किराया भुगतान करने, अन्य वसूलियां कार्यालय प्रमुख द्वारा करने के उपरान्त जिला पेंशन कार्यालय द्वारा उपादान भुगतान की कार्यवाही की जावेगी।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, राजधानी परियोजना खण्ड क्रमांक -2 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, भोपाल

ई मेल-eephedcp2bpl@mp.gov.in

क्रमांक- 17, 18, 19, 20, 21, 22, 23/का.यं./ रा.परि.खण्ड-2/ लोस्वायांवि/ दिनांक- 24/06/2024

### निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य की निविदा ई-टेण्डरिंग पद्धति से ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल http://mpetnders.gov.in पर आमंत्रित है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है। :-

| क्र. | ऑनलाईन निविदा क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित राशि (रू. लाख में) | धरोहर राशि (रुपये) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2024-PHED_352970 | Replacement of 700 mm dia RCC sewer line i/c de-silting and cleaning of manholes and sewer line constructed under BWL project at Section-7 A of Sub Div.5,Bhopal | 6,54,747=00 | 13,095=00 | 2,000=00 | 30 Days Including rainy season |
| 2 | 2024-PHED_352971 | Repairing of damaged manhole chamber with cleaning of manholes and sewer line at Radio Colony, Rajeev Nagar and Naya Basera, Kotra, Bhopal | 5,95,952=00 | 11,919=00 | 2,000=00 | 30 Days Including rainy season |
| 3 | 2024-PHED_352972 | Providing Tata Indigo Car/any other (Taxi) cost up to 6.50 lakh on hire charges without Diesel/Petrol/CNG as inspection vehicle for S.E., PHED, Bhopal Circle, Bhopal | 3,26,801=00 | 6,536=00 | 2,000=00 | 365 Days Including rainy season |
| 4 | 2024-PHED_352973 | Reconstruction of fully damaged manhole chamber i/c de-silting and cleaning of manholes and sewer line constructed under ADB project at Section-5 of Sub Div.5, Bhopal | 5,99,553=00 | 11,991=00 | 2,000=00 | 30 Days Including rainy season |
| 5 | 2024-PHED_352976 | De-silting and cleaning work of Diversion Structure Banganga Nallah under sub div. 6, Bhopal | 5,97,622=00 | 11,952=00 | 2,000=00 | 30 Days Including rainy season |
| 6 | 2024-PHED_352978 | Providing Tata Indigo Car/any other (Taxi) cost up to 6.50 lakh on hire charges without Diesel/Petrol/CNG for A.E. C.P. Sub Div.No. 8 P.H.E.D. Bhopal as inspection vehicle. | 3,26,801=00 | 6,536=00 | 2,000=00 | 365 Days Including rainy season |
| 7 | 2024-PHED_352979 | De-silting of primary pond no.2 and repairing of damaged drain pipe and open manhole chambers at Shahpura Oxidation Pond, Bhopal | 5,74,070=00 | 11,481=00 | 2,000=00 | 30 Days Including rainy season |
| 8 | 2024-PHED_352981 | Repairing of damaged manhole chambers i/c De-silting and cleaning of manholes and sewer line at Shyamla Hills area,Bhopal | 3,25,931=00 | 6,519=00 | 2,000=00 | 30 Days Including rainy season |

◆ निविदा प्रपत्र की निर्धारित राशि एवं धरोहर एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करने होंगे एवं अन्य समस्त विस्तृत जानकारी mpetnders.gov.in पर देखी जा सकती है। ◆ निविदा संशोधन केवल बेवसाइट पर ही दर्शाया जावेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा। ◆ निविदा क्रय करने की अंतिम तिथि 09/07/2024 है।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, राजधानी परियोजना खण्ड क्रमांक -2 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, भोपाल

G-12523/24

### भारत को 2011 से, साउथ अफ्रीका को 32 साल से वर्ल्ड कप का इंतजार

# 12 महीने में चौथा फाइनल खेलेगी भारतीय टीम

**नईदिल्ली, एजेंसी**

भारत ने पिछले 12 महीने में जितने भी आईसीसी टूर्नामेंट खेले, सभी के फाइनल में जगह बनाई। इनमें अंडर-19 मेंस वर्ल्ड कप भी शामिल है, जो इसी साल जनवरी में खेला गया। इससे पहले भारत की सीनियर टीम ने वनडे वर्ल्ड कप और वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल भी खेला। तीनों फाइनल में टीम इंडिया को ऑस्ट्रेलिया से ही हार का सामना करना पड़ा। अब टीम टी-20 फॉर्मेट के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड जैसी बड़ी टीमों को हराकर साउथ अफ्रीका का सामना करेगी। अब इस मैच का नतीजा ही तय करेगा कि 11 साल की हार का दर्द 26 साल के दर्द पर कितना भारी पड़ा।

सदी के सबसे बड़े चोकर्स साउथ अफ्रीका के सामने आज दशक के सबसे बड़े चोकर्स भारत का सामना टी-20 वर्ल्ड कप में होगा। 1992 से व्हाइट बॉल क्रिकेट खेल रही अफ्रीकी टीम आज तक भी एक भी वर्ल्ड कप नहीं जीत सकी, वहीं टीम इंडिया को 2011 से वर्ल्ड कप का इंतजार है। साउथ अफ्रीका ने वर्ल्ड कप नहीं जीता, इसका मतलब ये नहीं कि टीम ने कोई आईसीसी ट्रॉफी भी नहीं जीती है। उन्होंने 1998 में चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब अपने नाम किया था। यह उनके क्रिकेट इतिहास की पहली और आखिरी आईसीसी ट्रॉफी ही है। संयोग की बात तो यह है कि भारत ने भी अपना आखिरी आईसीसी खिताब चैंपियंस ट्रॉफी के रूप में ही जीता था।



### टी-20 में 2007 के बाद कामयाबी नहीं

भारत ने 2007 में पहला ही टी-20 वर्ल्ड कप अपने नाम किया, टीम ने फाइनल में पाकिस्तान को 5 रन से हराकर ट्रॉफी जीती। इसके बाद टीम ने 7 और टी-20 वर्ल्ड कप खेले। 3 बार टीम नॉकआउट स्टेज यानी सेमीफाइनल और फाइनल तक पहुंची, लेकिन खिताब चूक गई। 2014 में भारत ने साउथ अफ्रीका को सेमीफाइनल में हराया, लेकिन श्रीलंका से फाइनल गंवाना पड़ा। 2016 में अपने ही घरेलू मैदान पर भारत नॉकआउट में पहुंचा, लेकिन वेस्टइंडीज से सेमीफाइनल गंवाना पड़ गया। 2022 में टीम आखिरी बार नॉकआउट में पहुंची, लेकिन इस बार इंग्लैंड ने 10 विकेट से हरा दिया। इस बीच 2009, 2010, 2012 और 2021 में टीम ग्रुप स्टेज भी पार नहीं कर सकी। अब इसी फॉर्मेट के वर्ल्ड कप में भारत ने तीसरी बार फाइनल का टिकट कन्फर्म किया है। टीम ने सेमीफाइनल में इंग्लैंड को 68 रन से हराया। भारत ने वनडे वर्ल्ड कप का आखिरी खिताब 2011 में जीता। इसके 28 साल पहले 1983 में टीम को इस फॉर्मेट के वर्ल्ड कप में पहली कामयाबी मिली थी। टीम ने फाइनल में वेस्टइंडीज और 2011 में श्रीलंका को फाइनल हराकर ट्रॉफी जीती। इसके बाद से भारत 3 और वनडे वर्ल्ड कप खेले, हर बार टीम नॉकआउट स्टेज में पहुंची, लेकिन खिताब एक में भी नहीं मिल सका।

### टी-20 वर्ल्ड कप में पहला फाइनल खेलेंगे

क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट का वर्ल्ड कप जब 2007 में शुरू हुआ तो आईसीसी ने साउथ अफ्रीका को ही इसकी मेजबानी दे दी। टीम ने पहले ही मैच में वेस्टइंडीज को हरा दिया। सुपर-8 में भी टीम ने लगातार 2 मैच जीत लिए, लेकिन आखिरी मैच भारत से हारकर ग्रुप स्टेज से बाहर होना पड़ा। 2009 में साउथअफ्रीका फिर सेमीफाइनल तक पहुंचा, लेकिन इस बार पाकिस्तान से हार गया। 2010 और 2012 में ग्रुप स्टेज से बाहर हुआ। 2014 में सेमीफाइनल तक पहुंच गया, लेकिन भारत से ही हारकर बाहर होना पड़ा। 2016 से 2022 तक टीम फिर ग्रुप स्टेज से बाहर हुई और अब 2024 में पहली बार फाइनल में जगह बना ली। टीम ने अफगानिस्तान को सेमीफाइनल हराया और पहली बार टी-20 वर्ल्ड कप में कोई नॉकआउट मुकाबला जीता। साउथ अफ्रीका के पास आज अपना पहला वर्ल्ड कप जीतने का मौका है।



### सेनक तोसुन के गोल से तुर्की को मिली जीत

# अंतिम-16 में प्रवेश... जॉर्जिया ने पुर्तगाल को हराकर किया बड़ा उलटफेर

**गेल्सेंकिर्चेन (जर्मनी). एजेंसी**

दुनिया की 74वें नंबर की टीम जॉर्जिया ने यूरो कप फुटबॉल के इतिहास का सबसे बड़ा उलटफेर किया और पूर्व चैंपियन पुर्तगाल को 2-0 से शिकस्त दे दी। इस जीत के साथ ही जार्जिया ने ग्रुप-एफ से अंतिम-16 में भी प्रवेश कर लिया। जॉर्जियाई टीम पहली बार किसी मेजर टूर्नामेंट (यूरो कप, विश्व कप) के नॉकआउट में पहुंची है। हालांकि इस हार के बावजूद दुनिया की नंबर-6 टीम पुर्तगाल ग्रुप में शीर्ष पर रहकर अंतिम-16 में जगह बनाने में सफल रही। पुर्तगाल ने कुल तीन मैच खेले हैं और दो जीते जबकि एक हारा है। इस ग्रुप से जॉर्जिया के अलावा दूसरे स्थान पर रही तुर्की भी अंतिम-16 में पहुंची।

जीत के हीरो...: पुर्तगाल को उस समय झटका लगा, जब जॉर्जियाई खिलाड़ी ख्विचा क्वारत्सखेलिया ने ड्रिल करते हुए गोलकीपर डिएगो कोस्टा को चकमा दिया और मैच के दूसरे ही मिनट में गोल दाग दिया। इसके बाद मैच के 57वें मिनट में 23 वर्षीय मिकाउतादज़े ने गोल करके टीम को 2-0 से मजबूत बढ़त दिला दी। पुर्तगाल ने गोल करने की काफी कोशिश की पर जॉर्जिया के डिफेंस को नहीं भेद सके।

रोनाल्डो पहली बार ग्रुप मैचों में गोल नहीं कर सके: स्टार फुटबॉल क्रिस्टियानो रोनाल्डो का खराब फॉर्म जारी रहा और वह जॉर्जिया के खिलाफ भी गोल नहीं कर सके। वह इस टूर्नामेंट में खेले गए तीन मैचों में अभी तक एक भी गोल नहीं कर सके हैं। यह पहली बार है जब रोनाल्डो अपने करियर के दौरान किसी मेजर टूर्नामेंट (यूरो कप, विश्व कप) के ग्रुप दौर में गोल नहीं कर सके हैं। रोनाल्डो रेकॉर्ड छठे यूरो कप में खेल रहे हैं और पांच विश्व कप में खेल चुके हैं। सेनक तोसुन के इंजुरी टाइम में किए गए शानदार गोल से तुर्की की टीम ने यूरो कप 2024 के अंतिम-16 में प्रवेश कर लिया है। ग्रुप-एफ के मुकाबले में तुर्की ने चेक गणराज्य को 2-1 से शिकस्त दी। तुर्की की टीम ने तीन मैच खेले और दो जीते जबकि एक हारा। तुर्की के लिए पहला गोल हाकेन ने मैच के 51वें मिनट में किया। लेकिन टॉमस सोसेक के 66वें मिनट में किए गए गोल से चेक गणराज्य ने 1-1 से बराबरी कर ली। मैच के इंजुरी टाइम में सेनक तोसुन ने गोल करके तुर्की को 2-1 से शानदार जीत दिला दी।

## मीराबाई चानू की नजरें 90 किग्रा से ज्यादा वजन उठाने पर



**नईदिल्ली, एजेंसी**

टोक्यो ओलंपिक 2020 की रजत पदक विजेता महिला भारोत्तोलक मीराबाई चानू की नजरें 26 जुलाई से शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक खेलों में 90 किग्रा से ज्यादा वजन स्नैच में उठाने पर है। मीराबाई चानू ने छह महीने बाद चोट से उबरकर इस साल अप्रेल में वापसी की थी। वह फुकेट वर्ल्ड कप में उतरी थीं और उन्होंने स्नैच में 81 किग्रा और क्लीन एंड जर्क में 103 किग्रा वजन उठाया था।

### ग्लोबल शतरंज लीग का आयोजन लंदन में होगा, 18 वर्षीय गुकेश ने पहले दौर में डेनियल को दी मात

# सुपरबेट क्लासिक शतरंज: प्रग्गनानंदा ने पहले राउंड की बाजी में उज्बेक खिलाड़ी नोगिरबेक से ड्रॉ खेला

**लंदन, एजेंसी**

भारत के 18 वर्षीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने रोमानिया के बुचारेस्ट में खेले जा रहे सुपरबेट क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट में जीत से आगाज किया। उन्होंने पहले राउंड में रोमानिया के डेक बोगडान-डैनियल को मात दी। वहीं, अन्य युवा भारतीय आर प्रग्गनानंदा ने को उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव के खिलाफ कड़े मुकाबले में ड्रॉ से संतोष करना पड़ा। ग्लोबल शतरंज लीग के दूसरे संस्करण की मेजबानी इंग्लैंड की राजधानी लंदन को मिली है। इस लीग का आयोजन 03 से 12 अक्टूबर 2024 तक सेंट्रल लंदन में होगा, जिसमें दुनिया के कई शीर्ष खिलाड़ी भाग लेंगे। अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ के अध्यक्ष अर्कडी ड्वोर्कोविच ने कहा कि हमारी कोशिश शतरंज का पूरी दुनिया में विस्तार करने पर है।



## मयंक यादव सहित सात खिलाड़ियों को मिला अनुबंध



**नईदिल्ली, एजेंसी**

बीसीसीआइ ने आइपीएल-2024 में शानदार प्रदर्शन करने वाले तेज गेंदबाज मयंक यादव के अलावा छह क्रिकेटरों को फास्ट बॉलिंग कॉन्ट्रेक्ट दिया है। मयंक के अलावा आकाशदीप, विजयकुमार विशाक, तुषार देशपांडे, उमरान मलिक और यश दयाल जैसे उभरते हुए गेंदबाजों का आइपीएल में बेहतरीन प्रदर्शन रहा था। इन सभी को बीसीसीआइ की ओर से सालाना एक करोड़ रुपए मिलेंगे।



## मेट्रो बाजार

# भारत का सबसे वैल्यूएबल ब्रांड बना टाटा, वैल्यू 9 फीसदी बढ़ी




**नईदिल्ली, एजेंसी**

इंफोसिस दूसरे नंबर पर

मुंबई टाटा ग्रुप को एक बार फिर भारत का सबसे वैल्यूएबल ब्रांड घोषित किया गया है। ब्रांड फाइनेंस की लेटेस्ट रिपोर्ट में इस बात की जानकारी दी गई। जारी ब्रांड फाइनेंस इंडिया-100 2024 रिपोर्ट के मुताबिक, टाटा ग्रुप की ब्रांड वैल्यू 9 फीसदी की ग्रोथ के साथ 28.6 बिलियन डॉलर यानी 2.38 लाख करोड़ रुपए हो गई है। डिजिटलाइजेशन, ई-कॉमर्स, इलेक्ट्रिक व्हीकल्स और इलेक्ट्रॉनिक्स पर मजबूत फोकस की बदौलत टाटा ग्रुप की ब्रांड वैल्यू में यह ग्रोथ देखने को मिली है। इन्हीं चीजों पर फोकस के चलते टाटा 30 बिलियन डॉलर के आंकड़े तक पहुंचने वाला पहला भारतीय ब्रांड बन सकता है, जो भारतीय अर्थव्यवस्था में बढ़ते विश्वास को दर्शाता है। रिपोर्ट के मुताबिक, टाटा के बाद इंफोसिस भारत का दूसरा सबसे वैल्यूएबल ब्रांड है। इंफोसिस की ब्रांड वैल्यू 14.2 बिलियन डॉलर यानी 1.18 लाख करोड़ रुपए हो गई है। ब्रांड वैल्यू के साथ तीसरे नंबर पर है। ब्रांड फाइनेंस के सीनियर डायरेक्टर सैवियो डिसूजा ने टाटा की वैल्यू में ग्रोथ का श्रेय इसके लगातार टफ ऑर्गेनाइजेशनल चेंजेस, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन और एडवांस्ड टेक्नोलॉजी को अपनाने को दिया है। टाटा की ब्रांड वैल्यू को इंडियन प्रीमियर लीग यानी स्पॉन्सरशिप, एयरोनॉटिकल रीब्रांडिंग, वेस्टसाइड और टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स सहित इसके रिटेल सेक्टर के विकास से भी लाभ हुआ है। लार्सन एंड टुब्रो अपने कई सेक्टर्स में एफिशिएंसी और ऑपरेशनल एक्सीलेंस पर फोकस करने के कारण टॉप इंडियन ब्रांड्स की लिस्ट में 9वें नंबर पर है। जेटवर्क 543 मिलियन डॉलर की ब्रांड वैल्यू के साथ ओवरऑल रेंकिंग में 64वें नंबर पर और इंजीनियरिंग ब्रांड्स में दूसरे नंबर पर है। सिर्फ छह साल पहले स्थापित जेटवर्क मैन्युफैक्चरिंग एक्सीलेंस में लीडर बन गई है। जेटवर्क रिन्यूएबल एनर्जी, डिफेंस, ऑटोमोटिव और कोर इंजीनियरिंग जैसे कई सेक्टरों में सर्विसेज देने के लिए टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करती है।

## वित्त मंत्रालय सितंबर तिमाही के लिए दरों की करेगा समीक्षा

**नईदिल्ली, एजेंसी**

केंद्र सरकार छोटी बचत योजनाओं की ब्याज दरों में वृद्धि कर सकती है। वित्त मंत्रालय 30 जून तक चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) के लिए ब्याज दरों की समीक्षा करेगा, जिसमें दरें बढ़ाने का फैसला हो सकता है। सरकार ने अप्रेल-जून के लिए ब्याज दरों को यथावत रखा था। 7 तिमाहियों में यह पहली बार हुआ जब सरकार ने इन छोटी बचत योजनाओं की ब्याज दरों में बढ़ोतरी नहीं की। माना जा रहा है कि निवेशकों को इस बार राहत मिल सकती है। पीपीएफ की दरों में 4 साल से बदलाव नहीं- पब्लिक प्रोविडेंट फंड (पीपीएफ) दरों में पिछले 4 वर्षों से कोई बदलाव नहीं किया गया है। इसमें आखिरी बार अप्रेल-जून 2020 में बदलाव हुआ था, जब ब्याज दर 7.9 फीसदी से घटाकर 7.1 फीसदी किया गया था। कोरोना काल में सरकार ने कई बचत योजनाओं की ब्याज दरें बढ़ाई, पर पीपीएफ में बदलाव नहीं हुआ। इस बार उम्मीद जताई जा रही है कि सरकार कुछ राहत दे सकती है। विशेषज्ञों के अनुसार छोटी बचत योजनाओं पर ब्याज सरकार के लिए संवेदनशील राजनीतिक मुद्दा है। दरों में वृद्धि को लेकर सरकार पर दबाव है।

**मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना**

## राज-डीके की सीरीज में एक्शन करते दिखेंगे आदित्य कपूर! सामंथा के साथ जमेगी जोड़ी?





बॉलीवुड अभिनेता आदित्य रॉय कपूर जल्द ही राज और डीके की अगली वेब सीरीज में नजर आ सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, वेब सीरीज का नाम च्रक्तबीजज रखा गया है। इसके लिए आदित्य को ऑफर मिला है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस एक्शन सीरीज में आदित्य के साथ सामंथा रूथ प्रभु भी मुख्य भूमिका में होंगी। 'द नाइट मैनेजर' के बाद आदित्य रॉय कपूर का ओटीटी के लिए दूसरा प्रोजेक्ट है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सीरीज से जुड़े एक सूत्र ने बताया है कि आदित्य ने मई में ही इस प्रोजेक्ट के लिए हामी भर दी थी। इसके तुरंत बाद निर्माताओं ने सामंथा को भी इस सीरीज में शामिल कर लिया था। दोनों कलाकारों ने सीरीज के लिए अपनी-अपनी तैयारी भी शुरू कर दी है। जल्द ही दोनों इस एक्शन सीरीज के लिए साथ में भी ट्रेनिंग लेगें। खबर के मुताबिक, राज और डीके की जोड़ी फिलहाल फैमिली मैन के तीसरे सीजन की शूटिंग में व्यस्त हैं। इसके बाद ये निर्देशक जोड़ी इस साल अगस्त तक रक्तबीज को फ्लोर पर लाने की योजना बना रहे हैं।

**निर्देशक जोड़ी ने नहीं की पुष्टि**

हालांकि, निर्देशक जोड़ी या दोनों कलाकारों की ओर से इस खबर की पुष्टि नहीं की गई है। राज और डीके की फैमिली मैन में भी सामंथा रूथ प्रभु नजर आई थीं। इसके बाद वह अब अभिनेता वरुण धवन के साथ 'सिटाडेल-हनी बनी' में भी मुख्य भूमिका में होंगी। इस सीरीज को एक जासूसी एक्शन थ्रिलर के दिल दहला देने वाले तत्वों को एक प्रेम कहानी के साथ दिखाया गया है। ये 90 के दशक की जीवंत टेपेस्ट्री पर आधारित है। दर्शकों को इस सीरीज का बेसब्री से इंतजार है।

**सिटाडेल का हिस्सा बनकर खुश हैं सामंथा:** सामंथा रूथ प्रभु ने इस सीरीज को लेकर एक इवेंट में कहा था, मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं एक्शन करूंगी। ये मेरे लिए बड़ी जीत है। मुझे नहीं लगा कि मैं सिटाडेल का हिस्सा बनूंगी। मैं राज, डीके, सीता और अमेजन की बहुत आभारी हूं। वहीं, आदित्य रॉय कपूर अगली बार 'मेट्रो इन डिनो' में नजर आएंगे, जो 'लाइफ इन ए मेट्रो' का सीक्वल होगी। इसमें आदित्य के साथ सारा अली खान नजर आएंगी।

## 'रामलीला' के एक्टर गुलशन ने बताया शूटिंग का किस्सा, रणवीर सिंह को कहा- भावुक



गुलशन देवैया ने फिल्म गोलियों की रासलीला रामलीला में रणवीर सिंह के साथ काम किया था। गुलशन ने हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में रणवीर सिंह से जुड़ा एक किस्सा सुनाया। गुलशन ने बताया कि फिल्म 'रामलीला' की शूटिंग के दौरान एक इमोशनल सीन के बाद रणवीर कोने में बैठकर रो रहे थे। गुलशन ने उन्हें एक-दो बार रोते हुए देखा था। उन्होंने बताया कि रणवीर शुरू से ही बहुत एनर्जेटिक रहे हैं। आप इसे अटेंशन सीकर भी कह सकते हैं, लेकिन ये कुछ लोगों में पहले से होता है। गुलशन ने कहा- रणवीर शुरू से ही हर जगह खुद को एक मूवी स्टार की तरह पेश करते थे, क्योंकि वो ये मानते थे कि वो स्टार हैं। गुलशन ने बताया कि उन्होंने रणवीर के साथ लगभग 2 हफ्ते की एक्टिंग वर्कशॉप की थी। उस समय भी रणवीर एक स्टार की तरह ही चलते थे। कभी-कभी सीन के बाद मैं उनके साथ एक कोने में बैठ जाता था। क्योंकि वो इतने एनर्जेटिक हैं कि हर इंसान उससे मेल नहीं खा सकता। आप उनके साथ रहकर उनकी एनर्जी से बहुत प्रभावित होते हैं। मैं और रणवीर एक दूसरे के कंप्टेटिव थे। संजय लीला भंसाली ने सेट पर मेरी तारीफ की थी, तब रणवीर का शूट स्टार्ट नहीं हुआ था। रणवीर ने मुझसे आकर कहा कि भंसाली सर तुम्हारी तारीफ कर रहे थे।

## अर्जुन से ब्रेकअप की अफवाहों के बीच मलाइका ने साझा किया क्रिप्टिक नोट



अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा अपनी निजी जिंदगी को लेकर हमेशा सुर्खियों में छाई रहती हैं। अर्जुन कपूर के साथ उनके ब्रेकअप की खबरें इन दिनों चर्चा में बनी हुई हैं। हाल ही में अभिनेता के जन्मदिन पर हुई पार्टी में भी मलाइका शामिल नहीं हुई थीं, जिसके बाद खबरों का बाजार और गरम हो गया है। वहीं, मलाइका ने भी सार्वजनिक तौर पर उन्हें जन्मदिन की बधाई नहीं दी थी। अब अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर एक क्रिप्टिक पोस्ट साझा किया है। मलाइका अरोड़ा ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक नोट साझा किया है। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी साझा करते हुए लिखा, हमेशा आगे देखने के लिए कुछ होता है। कुछ के लिए आभारी होना चाहिए, कुछ पर गर्व करना चाहिए, कुछ को थामे रखना चाहिए, कुछ पर विश्वास करना चाहिए, कुछ से प्यार करना चाहिए, कुछ के लिए जीना चाहिए। जीवन में बहुत कुछ है। उनका ये नोट अर्जुन कपूर के जन्मदिन के बाद सामने आया है। अभिनेता के जन्मदिन की सामने आई तस्वीरों में मलाइका कहीं नजर नहीं आईं। पार्टी में वरुण धवन, संजय कपूर, महीप कपूर और जान्हवी कपूर समेत अन्य कई सितारे बर्थडे बॉय के लिए चीयर करते नजर आए थे, लेकिन फैंस की निगाहें मलाइका को ढूंढ रही थीं। इसके बाद हर कोई हैरान रह गया कि क्या वाकई में वे अब साथ नहीं हैं। अर्जुन के जन्मदिन पर भी मलाइका ने एक क्रिप्टिक नोट साझा किया था, जिसे फैंस ने अभिनेता के साथ जोड़ा था। मलाइका ने इंस्टाग्राम पर स्टोरी साझा करते हुए लिखा था, मुझे ऐसे लोग पसंद हैं, जिन पर मैं आंखें बंद करके और पीठ पीछे भी भरोसा कर सकूं।ज अर्जुन और मलाइका के ब्रेकअप की अफवाहें इस साल की शुरुआत में तब सुर्खियों में आईं, जब एक सूत्र ने मीडिया को बताया था कि उनका रिश्ता अब अपने रास्ते पर चल पड़ा है। उन्होंने अलग होने का फैसला किया है और इस मामले में एक सम्मानजनक चुप्पी बनाए रखेंगे। हालांकि, उस समय मलाइका के मैनेजर ने ब्रेकअप की खबरों को अफवाह बताकर खारिज कर दिया था।



## कहीं सुहाना मंजर, कहीं पुरानी परेशानियां



भोपाल। राजधानी में हो रही बारिश के बाद मौसम सुहावना हो गया है। दृश्य वीआईपी रोड का।




भोपाल। शहर में हुई बारिश के बाद सड़कों पर पानी भरा है। जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है।

# 6 साल की बच्ची को ट्रैक्टर ने कुचला ट्रैक्टर और वैन चालक पर केस दर्ज

## पुलिस जांच में वैन चालक की भी आई लापरवाही सामने, एफआईआर दर्ज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** खजूरी सड़क थाना क्षेत्र स्थित ग्राम कोडिया़ में गत 19 जून की दोपहर 6 साल की बच्ची को घर के सामने कुचलने वाले ट्रैक्टर चालक पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस ने उक्त मामले में वैन चालक को भी आरोपी बनाया है। दरअसल, हादसा वैन चालक और ट्रैक्टर चालक दोनों की ही लापरवाही से हुआ था। पुलिस जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी करेगी।

पुलिस के अनुसार मनोज कुमार मालवीय ग्राम कोड़िया, खजूरी सड़क में रहते हैं। वह गांव के कोटवार हैं। बुधवार 19 जून की सुबह उनकी 6 साल की बेटी कृतिका मालवीय स्कूल गई थी। दोपहर करीब डेड़ बजे के आसपास उसे वैन चालक ने घर के सामने सड़क की दूसरी तरफ उतार दिया। वैन से उतरने के बाद कृतिका घर जाने के लिए सड़क पार कर रही थी, तभी तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उसे कुचल दिया। गंभीर रूप से घायल बच्ची को इलाज के लिए चिरायु अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टर ने चेक करने के बाद कृतिका को मृत घोषित कर दिया।



### ट्रैक्टर और वैन चालक मौके से फरार

हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया, जबकि वैन चालक भी कुछ देर खड़ा रहा और वह भी बच्चों को लेकर निकल गया। पुलिस ने प्रकरण में बच्ची के परिजन के बयान दर्ज किए तो परिजन ने बताया कि 6 साल की कृतिका केजी वन में पड़ती थी। वह उनकी बड़ी बेटीड़थी, जबकि एक साल का छोटा बेटा है। ट्रैक्टर चालक विजय उर्फ गब्बर ने लापरवाहीपूर्वक ट्रैक्टर चलाकर उनकी बेटी को टक्कर मारी थी। वैन चालक विक्रम मेवाड़ा की लापरवाही के कारण हादसा हुआ। विक्रम मेवाड़ा ने सड़क की दूसरी ओर वैन रोकीड़थी और मासूम बच्ची को सड़क पार तक नहीं कराया। यदि वह बच्ची को सड़क पार करा देता तो बच्ची के साथ हादसा नहीं होता। इतना ही नहीं आरोपी विक्रम मेवाड़ा हादसे के फरार हो गया। उसने बच्ची से भी सहानुभूति नहीं की। वह चाहता तो बच्ची को उठाकर वैन से अस्पताल ले जा सकता था।

# प्लेटफार्म पर सोते समय यात्रियों के मोबाइल चोरी

### चलती ट्रेनों में भी लगातार हो रही चोरी की वारदातें



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी भोपाल से गुजरने वाली ट्रेनों में सफर के दौरान यात्रियों का सामान चोरी हो जाता है। अब प्लेटफार्म पर पर रुकने वाले यात्रियों का भी सामान चोरी होने लगा है। गुरुवार को प्लेटफार्म पर सोते समय तीन यात्रियों की जेब से कीमती मोबाइल फोन चोरी चले गए। जीआरपी ने सभी मामलों में अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार कुर्ला मुंबई निवासी ताबिश मियां खान गुरुवार को लखनऊ से भोपाल आए थे। यहां से उन्हें मुंबई जाना था. रात के समय वह प्लेटफार्म क्रमांक एक स्थित कार पार्किंग के पास जाकर सो गए। कुछ समय बाद नींद खुली तो पता चला कि पैंट की जेब में रखा 15 हजार रुपए कीमत का मोबाइल फोन चोरी हो चुका है। इसी प्रकार टीकमगढ़ में रहने वाले दुलीचंद्र प्रजापति गुरुवार को भोपाल आए थे। उन्हें एक निजी अस्पताल जाना था। रात होने के कारण वह प्लेटफार्म क्रमांक एक स्थित डिप्टी एसएस आफिस के सामने जाकर सो गए। जब उनकी नींद खुली तो पैंट की जेब में रखा 5 हजार रुपये कीमत का मोबाइल फोन गायब था। इधर रायसेन निवासी पुरुषोत्तम यादव गुरुवार को रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पहुंचे थे। सुबह करीब पांच बजे उन्होने अपना मोबाइल फोन स्टेशन के मेन गेट के पास मुसाफिर खाने में चार्जिंग पर लगाया और वहीं पर बैठ गए। कुछ देर बाद उन्हें नींद आ गई। करीब एक घंटे बाद नींद खुली तो चार्जिंग पर लगा उनका 16 हजार रुपए कीमत का मोबाइल फोन गायब था। आरोपियों का पता लगाने के लिए जीआरपी घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

# 13 साल का नाबालिग और 80 साल की बुजुर्ग महिला लापता, सकुशल बरामद

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

अयोध्या नगर पुलिस ने लापता हुए 13 साल का नाबालिग और 80 साल की बुजुर्ग महिला को सकुशल बरामद कर परिजन को सौंप दिया है। परिजन को बच्चे और बुजुर्ग की ठीक से देखरेख करने की सलाह दी गई है। पुलिस के अनुसार अस्सी साल की बुजुर्ग महिला गत 20 मई को ओल्ड मिनाल रेसीडेंसी से लापता हो गई?थी। इसी प्रकार 24 जून की रात सिंद्ध नगर थाना सूखी सेवनिया में रहने वाले एक परिवार ने पुलिस को सूचना दी कि उनका 13 साल का बेटा 21 जून की सुबह करीब 7 बजे दुकान से इडली लेने के लिए गया था और लौटकर नहीं आया। पुलिस ने नाबालिक बालक एवं गुमशुदा वृद्ध महिला की ताश के लिए विशेष टीम का गठन किया। टीम द्वारा 13 साल के नबाालिग की तलाश करते हुए उसे आईएसबीटी बस स्टैंड के पास से दस्तयाब कर लिया। इसी प्रकार एवं गुमशुदा वृद्ध महिला को भी तलाश कर परिजन के हवाले कर दिया।



### घर से लापता 12 और 14 साल की बच्चियां मिली

इधर, शाहजहांनााद पुलिस ने कुम्हापुरा शाहजहांनाबाद से लापता हुई क्रमश- 12 साल और 14 साल की बहनों को सकुशल बरामद कर परिजन के हवाले कर दिया। परिजन को बच्चियों की ठीक से देखरेख करने का कहा गया है। पुलिस के अनुसार 12 और 14 साल की सगी बहने कुम्हारपुरा शाहजहांनाबाद में रहती हैं। गत 27 जून की सुबह करीब दस बजे वह घर से अचानक लापता हो गए। घर से जाने से पूर्व उन्होंने एक लेटर लिखा था कि हम बाहर जा रहे हैं और प्राइवेट काम कर कुछ कमाकर लौट आएंगे। इसके बाद दोनों ट्रेन से देवास चली गई। देवास पहुंचने के बाद दोनों रेन बसेरा में रुकी हुई?थी। परिजन ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर बच्चियों की तलाश शुरू कर दी। इसी बीच पुलिस को किसी ने सूचना दी कि दो नाबालिग देवास में रेन बसेरा में रुकी हुई है। पुलिस की टीम तत्काल देवास पहुंची और बच्चियों को बरामद कर परिजन के हवाले कर दिया।

# कॉलेज में एडमिशन नहीं होने से दुखी छात्रा ने लगाई फांसी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित गीतांजलि परिसर में शुक्रवार सुबह एक युवती ने फांसी लगा लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजन से पूछताछ में पता चला कि उसने बारहवीं की परीक्षा पास की थी और उसे कॉलेज में एडमिशन लेना था। नंबर कम होने के कारण उसका एडमिशन नहीं हो रहा था। पुलिस के अनुसार मोनिका राजपूत पिता भवगत सिंह राजपूत (19) गीतांजलि कांप्लेक्स टीटी नगर में रहती थी। उसने इसी साल बारहवीं की परीक्षा पास की थी। परिजन ने बताया कि शुक्रवार सुबह उसने अपने कमरे में फांसी लगा ली। नजर पउते ही परिजन उसे फंदे से उतारकर हजेला अस्पताल पहुंचे थे, वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन ने बताया कि परीक्षा में कम अंक मिलने के कारण उसका कॉलेज में एडमिशन नहीं हो रहा था। वह नर्सिंग की पढ़ाई करना चाहती थी।

### काटजू अस्पताल के पास मुख्य सड़क पर बाइक सवार लुटेरों ने की वारदात

# बीजेपी कार्यालय में मीडिया सेल के कर्मचारी से मोबाइल लूटकर भागे लुटेरे

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित काटजू अस्पताल के पास मुख्य सड़क पर परिजन से वीडियो कॉल पर बातचीत कर रहे भारतीय जनता पार्टी कार्यालय के कर्मचारी से बाइक सवार लुटेरो ने मोबाइल झपट लिया। घटना शुक्रवार रात करीब सवा दस बजे के आसपास की है। पुलिस ने कर्मचारी की शिकायत पर बाइक सवार लुटेरों पर प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार प्रोफेसर कॉलोनी, श्यामला हिल्स निवासी 44 साल के धीरेंद्र शर्मा, भारतीय जनता पार्टी कार्यालय के मीडिया सेल में नौकरी करते हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि शुक्रवार रात वह दफ्तर से निकलने के बाद बाइक से जवाहर चौक स्थित भोजनालय जा रहे थे। वे काटजू अस्पताल के सामने मुख्य रोड पर पहुंचे ही थे कि सवा दस बजे के आसपास उनके मोबाइल पर वीडियो कॉल आया। वे वीडियो कॉल पर बातचीत कर रहे थे, तभी पीछे से आए बाइक सवार लुटेरों में पीछे बैठे लुटेरे ने उनके हाथ से मोबाइल झपट लिया। वे कुछ समझ पाते इससे पहले ही बाइक चला रहा लुटेरा बाइक तेजी से लेकर भागने लगा। धीरेंद्र ने बाइक सवारों का पीछा किया, लेकिन वे तेजी से निकल गए। इसके बाद धीरेंद्र शर्मा ने टीटी नगर थाने पहुंचकर शिकायत की। पुलिस ने लूट का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। लूटे गए मोबाइल की कीमत 15 हजार रुपए बताई जा रही है।






**मेट्रो एंकर**

### लकड़ी से सांप से खेलते समय हुआ हादसा

# सर्पदंश से डेढ़ साल के बच्चे की मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** खजूरी सड़क थाना क्षेत्र स्थित उमाधाम कॉलोनी में सर्पदंश से डेड़ साल के बच्चे की मौत हो गई। हादसा शुक्रवार सुबह करीब साढ़े 9 से 10 बजे के आसपास का है। दरअसल, बच्चा खिलौना समझकर सांप से खेल रहा था। लकड़ी से सांप को छेड़ते समय उसे सांप ने काट लिया। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।



पुलिस के अनुसार दिव्य सागर, उमाधाम कॉलोनी में रहते हैं। मूलत-यूपी के रहने वाले दिव्य सागर पेशे से ट्रक ड्राइवर हैं और यहां किराए के मकान में रहते हैं। उनके परिवार में पत्नी के अलावा दो बेटियां और इकलौता 18 महीने का बेटा आर्यन था। आर्यन ने अभी अभी चलना सीखा था। उसकी बहनें भी ढाई और छह साल की है। दिव्य सागर ने बताया कि गरुवार को ही वह पत्नी को और बच्चों को यूपी से लेकर भोपाल आया था। सुबह पत्नी घर के कामकाज कर रही थी, जबकि वह बाहर काम से गया था। तीनों बच्चे कमरे में खेल रहे थे। इसी बीच कमरे में सांप निकल आया। बच्चियों ने बताया कि सांप को देखकर आर्यन उसके साथ खेलने लगा और लकड़ी से उसे छेड़ने लगा, तभी सांप ने उसे काट लिया। आर्यन और बच्चियों का शोर सुनकर मां कमरे में पहुंची तो उन्होंने सांप को देखा था। इसके बाद वह आर्यन को लेकर हमीदिया अस्पताल पहुंची थी, वहां डॉक्टर ने उसे प्राथमिक जांच में ही मृत घोषित कर दिया।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022